STUDENT
स्वास्थ्य का ध्यान रखें, क्योंकि अच्छे स्वास्थ्य से ही अच्छा अध्ययन हो सकता है।

देश का प्रमुख दैनिक समाचार-पत्र

# जन जन जागरण

जनहित का सजग प्रहरी



Web Site: www.janjanjagran.com झांसी और भोपाल से एक साथ प्रकाशित झांसी, सोमवार 09 जून 2025 वर्ष-13 अंक-296 पृष्ठ-08 मूल्य 3 रुपए



# रूस को पछाड़ इजरायल बना रक्षा हथियारों का सबसे बड़ा विक्रेता, एशिया में भारत सबसे बड़ा खरीददार

### सैन्य अभियानों और अंतरराष्ट्रीय दबावों के बाद भी खूब कमाया पैसा

**नई दिल्ली।** इजरायल की राजधानी तेल अवीव में जारी नई रिपोर्ट के मुताबिक, इजरायल ने 2024 में अपना अब तक का सबसे बड़ा रक्षा निर्यात दर्ज किया है। सैन्य अभियानों और अंतरराष्ट्रीय दबावों के बावजूद इजरायल का हथियार उद्योग लगातार बढ़ रहा है। इजरायल के रक्षा मंत्रालय ने पुष्टि की है कि इस वर्ष उसका कुल रक्षा निर्यात 14.8 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया है, जो 2023 में दर्ज 13 अरब डॉलर से 13 प्रतिशत ज्यादा है। यह लगातार चौथा साल है, जब देश ने रक्षा निर्यात में नया कीर्तिमान बनाया है।

यह वृद्धि तब आई है, जब इजरायल को गाजा में चल रहे युद्ध को लेकर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर तीखी आलोचना झेल रहा है। मानवाधिकार उल्लंघन और नरसंहार जैसे गंभीर आरोपों के बावजूद इजरायल के हथियारों की मांग में कोई गिरावट नहीं देखी गई। इसकी तुलना में रूसी हथियार निर्यात में भारी गिरावट आई है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिरपी) के अनुसार, 2019 से 2023 के बीच रूसी रक्षा



निर्यात करीब आधा रह गया है। जिसका मुख्य कारण यूक्रेन युद्ध, आर्थिक प्रतिबंध, मुद्रास्फीति और रसद संकट है। इस परिस्थिति का लाभ इजरायल ने उठाया और पूर्व रूसी हथियार बाजारों में अपनी पैठ मजबूत की।

2024 में यूरोप इजरायल का सबसे बड़ा हथियार खरीदार रहा, जहां कुल निर्यात का 54 प्रतिशत भेजा गया। यह आंकड़ा 2023 में 35 प्रतिशत था। सिर्फ यूरोपीय देशों ने करीब 8 अरब डॉलर के इजरायली हथियार खरीदे। इसमें सबसे बड़ा सौदा जर्मनी के साथ हुआ, जर्मनी ने इजरायली एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज से 3.8 अरब डॉलर में एरो-3 मिसाइल रक्षा प्रणाली खरीदी। आश्चर्यजनक रूप से, यूरोप में बढ़ती आलोचना और कुछ देशों द्वारा सौदे रद्द करने के बावजूद यह क्षेत्र इजरायल के लिए सबसे बड़ा बाजार बना रहा।

एशिया में भारत इजरायल का प्रमुख ग्राहक बना रहा। सिरपी के अनुसार, 2020 से 2024 के बीच भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा हथियार आयातक रहा, और इजरायल उसका तीसरा सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता था। इस दौरान इजरायल ने भारत के कुल रक्षा आयात का 13 प्रतिशत आपूर्ति किया। इसके अलावा, इजरायल ने अब्राहम समझौते के तहत संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, मोरक्को और सूडान जैसे अरब देशों को भी खूब हथियार बेच दिए है। 2023 में इनका कुल हिस्सा मात्र 3 प्रतिशत था, जो अब बढ़कर 12 प्रतिशत हो गया है। कुल मिलाकर, इजरायल ने विरोध, युद्ध और आलोचना के बीच भी अपने हथियार निर्यात को लगातार ऊंचाई पर बनाए रखा है।

## ब्रीफ न्यूज

### चिराग पासवान का बड़ा ऐलान, कहा

**एनडीए की मजबूती के लिए मेरी पार्टी 243 सीटों पर लड़ेगी चुनाव**

**भोजपुर।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारियों को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। इस सिलसिले में केंद्रीय मंत्री एवं लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने बड़ा एलान किया है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी बिहार की सभी 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी और यह लड़ाई राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को मजबूत करने के उद्देश्य से लड़ी जाएगी। भोजपुर जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही।

चिराग पासवान ने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी किसी भी तरह से एनडीए से अलग नहीं है, बल्कि उनका लक्ष्य गठबंधन को और अधिक मजबूती देना है। उन्होंने कहा कि मेरी पार्टी और मैं बिहार की 243 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे ताकि एनडीए को मजबूती मिले और हम एकजुट होकर विजय की ओर बढ़ें। उन्होंने अपने संबोधन में यह भी दोहराया कि एलजीपी (रामविलास) हमेशा से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्वास रखती है।

### हरियाणा में 5 नए जिले बनने में रुकावट

**चंडीगढ।** हरियाणा में 5 नए जिले बनाने का फैसला लटक सकता है। इसके पीछे 4 वजहें हैं, जिनमें से जातिगत जनगणना प्रमुख है। नए जिलों को बनाने का काम सरकार ने कैबिनेट सब कमेटी को दिया है। कमेटी ने इसे लेकर 15 जून, 2025 को लास्ट मीटिंग बुलाई है, जिसमें नए जिलों के निर्माण की अंतिम रिपोर्ट तैयार कर सरकार को भेज दी जाएगी। प्रदेश में अभी 22 जिले हैं। जिन नए जिलों को बनाने की तैयारी है, उनमें हिसार का हांसी, सिरसा का डबवाली, करनाल का असंध, जींद का सफीदों और सोनीपत का गोहाना शामिल है। इनमें हांसी और डबवाली पहले ही पुलिस जिले बनाए जा चुके हैं। इसके अलावा गुरुग्राम के मानेसर को भी जिला बनाने की मांग उठी है। हालांकि, इसके पूरे दस्तावेज न पहुंचने से इस पर अगली बैठक में फैसला लिया जाएगा। इसके अलावा प्रदेश में नए डिवीजन, सब डिवीजन और तहसीलों के प्रस्ताव पर भी इसी मीटिंग में चर्चा होगी।

### टोल मांगा तो चढ़ा दी गाड़ी

**चंद्रपुर।** महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले के बल्लारपुर के वीसापुर टोल नाके पर रोंगटे खड़े करने वाली घटना सामने आई है। जहां बिना टोल चुकाए जा रहे टाटा एस गाड़ी चालक से टोल कर्मचारी ने टोल मांगा तो चालक ने सीधे टोल कर्मचारी पर ही गाड़ी चढ़ा दी। जिसमें कर्मचारी बुरी तरह घायल हो गया। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है। जिसे देखकर आप भी सहम जाएंगे। जानकारी के अनुसार रात को करीब 1 बजे बल्लारशाह से चंद्रपुर की ओर से आ रही टाटा एस गाड़ी ने टोल बचाने के चक्कर में लाइन क्रॉस कर दी। इस दौरान टोल के एक कर्मचारी ने चालक को रुकने को कहा तो उसने गाड़ी न रोकते हुए, कर्मचारी के ऊपर चढ़ा दी। जिससे कर्मचारी बुरी तरह घायल हो गया। जिसका शहर के एक निजी अस्पताल के आईसीयू में इलाज चल रहा है।

### राष्ट्रपति उम्मीदवार को सिर में गोली मारी

**बोगोटा।** साउथ अमेरिकी देश कोलंबिया में राष्ट्रपति उम्मीदवार मिगुएल उरीबे को चुनाव प्रचार के दौरान गोली मार दी गई। अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। द गार्डियन के मुताबिक पहले फेज की सर्जरी की पूरी हो गई है। हालत नाजुक बनी हुई है, अगले कुछ घंटे बेहद अहम हैं। घटना स्थानीय समयानुसार शनिवार शाम की है। स्थानीय मीडिया के मुताबिक उरीबे को तीन गोलियां लगी है, इनमें से एक गोली के उनके सिर में लगने की खबर है। उरीबे राजधानी बोगोटा में एक रैली को संबोधित कर रहे थे। कोलंबिया में 2026 में राष्ट्रपति चुनाव होने हैं। मिगुएल उरीबे राष्ट्रपति पद के प्रमुख दावेदार माने जा रहे हैं। 39 वर्षीय उरीबे विपक्षी सेंट्रो डेमोक्रेटिको कंजर्वेटिव पार्टी के सदस्य हैं। पार्टी ने बयान जारी कर बताया कि उरीबे को संबोधन के दौरान हमलावर ने पीठ में गोली मारी। बोगोटा के मेयर कार्लोस गलान ने बताया कि यह हमला शहर के फोंतिबोन इलाके में हुआ। उरीबे की हालत को देखते हुए पूरे शहर के अस्पतालों को अलर्ट पर रखा गया है। पुलिस ने 15 साल के आरोपी हमलावर को मौके से गिरफ्तार कर लिया है।

# देश को मिली आजादी सभी का सामूहिक प्रयास, किसी एक व्यक्ति की उपलब्धि नहीं: भागवत

**नागपुर।** राष्टीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम की सामूहिक प्रकृति पर जोर देकर कहा कि देश की आजादी 1857 के विद्रोह से शुरू हुए व्यापक प्रयासों का परिणाम थी, न कि किसी एक व्यक्ति की उपलब्धि थी। भागवत ने कहा कि हमेशा से इस बात पर बहस होती है कि देश को आजादी किसके प्रयासों से मिली। लेकिन वास्तविकता यह है कि यह आजादी किसी एक व्यक्ति के कारण नहीं मिली। इस आजादी के लिए प्रयास 1857 में शुरू हुए और हर जगह आग भड़क उठी, उसके बाद, यह आग कभी शांत नहीं हुई। प्रयास जारी रहे और सभी के सामूहिक प्रयासों से आखिरकार हमें अंग्रेजों से आजादी मिली।

आरएसएस प्रमुख भागवत ने कहा कि



संघ की दिशा सामूहिक विचार से तय होती है, संघ का काम एक या दो लोगों का काम नहीं है, संघ जो भी करता है और जो भी कहता है, वह सामूहिक निर्णय होता है। इसके पहले संघ प्रमुख ने पहलगाम में हुए हालिया आतंकी हमले की कड़ी निंदा की थी और भारतीय सेना की त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया की सराहना की थी। साथ ही उन्होंने सभी राजनीतिक ताकतों से घटना के बाद उभरी एकता की भावना को बनाए रखने का आग्रह किया था।

उन्होंने कहा, पहलगाम में एक बर्बर हमला हुआ। आतंकवादी हमारे देश में घुसे और हमारे नागरिकों को मार डाला। हर कोई दुखी और क्रोधित था और अपराधियों के लिए कड़ी सजा चाहता था। वास्तव में कार्रवाई की गई...इस संबंध में, हमारी सेना की क्षमता और बहादुरी फिर चमक उठी। उन्होंने कहा कि हम सभी राजनीतिक दलों की आपसी समझ और सहयोग को भी देख रहे हैं, जो सभी मतभेदों को भुला रहे हैं...अगर यह स्थायी हो जाए और मुद्दों के पुराने होने के साथ-साथ फीका न पड़े, तब यह देश के लिए बहुत बड़ी राहत होगी।

# भारतीय सांसदों ने पाक को किया बेनकाब, अब जयशंकर समझाएंगे पूरी बात

### भारत की विदेश नीति में आतंकवाद के प्रति ज़ीरो टॉलरेंस के रुख को दोहराएंगे

**नई दिल्ली।** पहलगाम हमले के बाद भारत ने आतंकवादियों और उनको संरक्षण देने वाले पाकिस्तान को मिट्टी में मिलाने की बात कही थी। भारत ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया। पाकिस्तान और पीओके में मौजूद आतंकवादियों के शिविरों को तबाह कर दिया। पाकिस्तान ने जब भारतीय सैन्य बेस और आमलोगों को निशाना बनाने की कोशिश की तो भारतीय एयरफोर्स ने मुंहतोड़ जवाब देते हुए पाकिस्तान के 11 एयरबेस को टारगेट कर उसे व्यापक नुकसान पहुंचाया।

भारत ने इसके बाद पाकिस्तान के आतंकी चेहरे को बेनाकब करने सभी दलों के सांसदों और डिप्लोमेट्स की 7 टीमें बनाकर उन्हें दुनिया के कई देशों में भेजा। इंडियन डेलिगेशन ने अमेरिका से यूरोप तक का दौरा कर पाकिस्तान के काले चेहरे को दुनिया के सामने बेनकाब कर दिया। अब विदेश मंत्री ए जयशंकर ने खुद कमान संभाल ली है। वे यूरोप की एक सप्ताह की लंबी यात्रा पर निकल गए हैं। द्विपक्षीय संबंधों को मजबूती देने के साथ ही आतंकवाद का मुद्दा भी एजेंडे पर रहेगा।

जयशंकर रविवार 8 जून 2025 को फ्रांस, यूरोपीय यूनियन और बेल्जियम के लिए रवाना हुए। वे यहां एक सप्ताह का वक्त बिताएंगे। इस यात्रा का उद्देश्य भारत की विदेश नीति में आतंकवाद के प्रति ज़ीरो टॉलरेंस के रुख को दोहराना और प्रमुख रणनीतिक साझेदारों के साथ द्विपक्षीय संबंधों को नई गति देना है। यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है, जब भारत ने हाल ही में पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर जैसी निर्णायक कार्रवाई की थी।

# भारतीय टैक्टिकल ड्रोन से अब भी दशहत में आंतकी और पाकिस्तान



**नई दिल्ली।** भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान आधुनिक टैक्टिकल ड्रोन का इस्तेमाल कर पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को सफलतापूर्वक तबाह किया। इससे यह स्पष्ट हो गया कि भारत अब केवल रक्षात्मक रणनीति तक सीमित नहीं है, बल्कि वह इजरायल की तरह आक्रामक रणनीति अपनाकर दुश्मनों को पहले ही मोर्चे पर मात देगा।

टैक्टिकल ड्रोन यानी छोटे और हल्के युद्धक ड्रोन अब युद्ध की दुनिया का नया चेहरा बन चुके हैं। ये ड्रोन बिना पायलट के चलते हैं और रियल टाइम निगरानी, लक्ष्य की पहचान और सटीक हमला करने में सक्षम होते हैं। भारत, इजरायल और तुर्की तकनीक में अग्रणी देश माने जाते हैं। पहले भारत टैक्टिकल ड्रोन के लिए इजरायल पर निर्भर था और आईएआई सर्चर, हेरॉन और हारोप जैसे ड्रोन इजरायल से मंगाता था। लेकिन बीते दशक में भारत ने 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' के तहत टैक्टिकल ड्रोन निर्माण में बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

अब भारत में डीआरडीओ, एचएएल, टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स और आइडियाफोर्ज जैसी कंपनियां अत्याधुनिक ड्रोन बना रही हैं। भारत का रुसतम-2 (टपास बीएच-201) एक प्रमुख मेल ड्रोन है, जिसे निगरानी और पहचान मिशनों के लिए तैयार किया गया है। भविष्य में हथियारों से लैस करने की योजना है। वहीं, स्विच यूएवी जैसे हल्के टैक्टिकल ड्रोन पहाड़ी इलाकों और एलएसी पर निगरानी के लिए इस्तेमाल हो रहे हैं। अर्जुन और नेत्र जैसे ड्रोन शहरी इलाकों में लड़ाई और सीमा गश्त में सहायक साबित हो रहे हैं।

इन ड्रोनों ने आतंकवाद विरोधी अभियानों, सीमा सुरक्षा और आपदा प्रबंधन में बड़ी भूमिका निभाई है। हालांकि अब भी कुछ चुनौतियां बनी हुई हैं, जैसे स्वचालित लक्ष्य निर्धारण और डेटा प्रोसेसिंग की क्षमता, लेकिन भारत इन पर तेजी से काम कर रहा है।

# एग्रो-टेररिज्म पर अमेरिकी एक्सपर्ट ने ट्रंप प्रशासन को चेताया

### चीन के साथ तोड़ दें संबंध, कोरोना से भी बदतर खतरा...

**वाशिंगटन।** अमेरिका में चीनी मामलों के एक प्रमुख एक्सपर्ट ने बीजिंग के साथ संबंधों को पूरी तरह से तोड़ने की अपील की है और चेतावनी दी कि अगर देश ने तेजी से कार्रवाई नहीं की तो उसे कोरोना से बदतर खतरे का सामना करना पड़ेगा। एक्सपर्ट का यह बयान अमेरिका में एक जहरीले फंगस की तस्करी के आरोप में दो चीनी नागरिकों की गिरफ्तारी के बाद आया है।

पिछले दिनों अमेरिका में यून्किंग जियान और जुनयोंग लियू नाम के दो चीनी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया था। इनपर अमेरिका में एक बेहद खतरनाक फंगस की तस्करी का आरोप है जो फसलों को खराब बना सकता है। दोनों चीनी नागरिकों को साजिश रचने, अमेरिका में तस्करी करने, झूठे बयान देने और वीजा धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की गतिविधियों के एक प्रमुख विश्लेषक गॉर्डन जी। चांग ने कहा कि यह अमेरिका पर हमला है, यून्किंग जियान और जुनयोंग लियू की गिरफ्तारी के बाद बात करते हुए चांग ने चेतावनी दी कि यह साजिश कुछ और गहरी बात का संकेत देती है। उन्होंने कहा कि यह चीन की तरफ अमेरिका को अंदर से अस्थिर करने के लिए एक सीक्रेट मिशन की तरह है और इसे रोकने का एकमात्र तरीका चीन के साथ संबंध तोड़ना है।

#### फसलों की बर्बादी की वजह

अमेरिका में गिरफ्तार चीनी नागरिकों पर फ्यूजेरियम ग्रैमिनियरम नाम के खतरनाक फंगस की तस्करी का आरोप है, जो गेहूं, जौ और मकई जैसी अनाज की फसलों को खराब करता है। यह फसलों में फ्यूजेरियम हेड ब्लाइट या स्कैब नाम की बीमारी का कारण बनता है। अगर फसल में यह बीमारी लग जाए तो अनाज की गुणवत्ता खराब होती है और फसल की पैदावार भी बेहद कम हो जाती है। अमेरिकी लॉ डिपार्टमेंट के मुताबिक वैज्ञानिकों ने इस फंगस को खेती और खाद्य सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा माना है और वैज्ञानिकों ने इसके इस्तेमाल को एग्रो-टेररिज्म यानी कृषि आतंकवाद कहा है। इस फंगस में खाद्यान्न की कमी, आर्थिक संकट और गंभीर स्वास्थ्य प्रभाव, जिनमें लीवर डैमेज से लेकर प्रजनन संबंधी समस्याएं शामिल हैं, को ट्रिगर करने की ताकत है।

#### अमेरिका को कमजोर करने की साजिश

गिरफ्तार चीनी नागरिकों ने पहले अपने मुल्क में इस फंगस पर काम किया था और कथित तौर पर इसे अमेरिका में लाने के बाद इस पर गैर कानूनी रिसर्च को अंजाम दिया। चांग ने कहा कि यह मामला महज जैविक तस्करी की घटना नहीं है बल्कि यह माओवादी सिद्धांत पर आधारित एक व्यापक पीपुल वॉर रणनीति का हिस्सा है, जिसका मकसद दुश्मनों को राजनीतिक, आर्थिक और मनोवैज्ञानिक रूप से कमजोर और अस्थिर करना है। गॉर्डन जी. चांग ने कहा कि अगर हम तत्परता और दृढ़ संकल्प के साथ अपना बचाव नहीं करते हैं।

# 9 दिन में कोरोना से 58 मौतें, 3423 केस बढ़े

**अकेले केरल में 2000 मरीज, गुजरात सरकार अलर्ट पर; देश में एक्टिव केस 6000 पार**

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। शनिवार को 378 नए केस मिले हैं। इस तरह एक्टिव केसों की संख्या 6133 हो गई है। केरल में सबसे ज्यादा 1950 केस हैं। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार पिछले 9 दिन में 3423 कोरोना केस बढ़े, जबकि 58 लोगों ने जान गंवाई है। 30 मई तक देश में 2710 एक्टिव केस और 7 मौतें हुई थीं। देश में कोरोना वायरस के हर दिन करीब 400 नए केस सामने आ रहे और 5-6 मरीजों की मौत हो रही है। शनिवार को केरल में 3, कर्नाटक में 2 और तमिलनाडु में कोरोना से एक मौत हुई है। इधर, राज्य में तेजी से बढ़ रहे केसों के बीच गुजरात सरकार ने कहा- हम कोविड से लड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। अस्पतालों में बेड, वेंटिलेटर और ड्रुष्ट बेड की व्यवस्थाएं कर ली हैं।

# वायूसेना ने बेंगलुरु से दिल्ली पहुंचाए लिवर-कॉर्निया, पांच लोगों की बचाई जिंदगी

**बेंगलुरु।** भारतीय वायूसेना दिन-रात देश की सेवा में तत्पर रहती है। जहां जैसी जरुरत होती है वैसी भूमिका निभाती है। हाल ही में वायूसेना ने 5 लोगों की जिंदगी बचाई है। दरअसल, बेंगलुरु में एक ऐसे मरीज के अंगों को देश के विभिन्न हिस्सों में भेजकर पांच लोगों को नया जीवन दिया गया। इस मरीज को शुक्रवार को चिकित्सकों ने ब्रेन डेड घोषित कर दिया था। इस अभियान के तहत भारतीय वायुसेना के विमान द्वारा एक गुर्दे और एक कॉर्निया को हवाई मार्ग से बेंगलुरु से दिल्ली पहुंचाया गया। भारतीय वायुसेना ने शनिवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में समन्वित अभियान का विवरण और अंगों को हवाई मार्ग से ले जाए जाने की तस्वीरें साझा कीं।



इस पोस्ट में आगे कहा गया है कि 'ग्लेनईगल्स बीजीएस अस्पताल' में लिवर का सफलतापूर्वक प्रतिरोपण किया गया। भारतीय वायुसेना ने पोस्ट में कहाकि यह अभियान 'जीवनसार्थकथे कर्नाटक' के साथ मिलकर किया गया। यह सशस्त्र सेना चिकित्सा समुदाय की असाधारण प्रतिबद्धता और चिकित्सकीय क्षेत्र में विशेषज्ञता को दर्शाता है। भारतीय वायुसेना की इस पोस्ट में कहा गया कि वायु सेना ने 'कमांड हॉस्पिटल एयर फोर्स बेंगलुरु' (सीएचएएफबी) के जरिए जीवनरक्षक प्रतिरोपण को संभव बनाने और विभिन्न स्थानों पर अंगों को पहुंचाने में मदद की। इसमें कहा गया कि शुक्रवार को ब्रेन डेड घोषित किया गया मरीज पांच लोगों को नया जीवन दे गया। भारतीय वायुसेना के अनुसार, एक गुर्दे और एक कॉर्निया को दिल्ली के सैन्य अस्पताल में भेजा गया। दूसरे गुर्दे, कॉर्निया, त्वचा के प्रतिरोपण की प्रक्रिया बेंगलुरु के विक्टोरिया हॉस्पिटल की मेडिकल टीम के सहयोग से सीएचएएफबी में की गई।

# जी-7 से पहले खालिस्तान समर्थकों ने पीएम मोदी को दी धमकी

### सम्मेलन में पीएम मोदी की राजनीति को खत्म कर देंगे

**नई दिल्ली।** कनाडा में होने वाली जी-7 समिट से पहले खालिस्तानी आतंकियों ने पीएम नरेंद्र मोदी को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि वे इस सम्मेलन में पीएम मोदी की राजनीति को खत्म कर देंगे। कनाडा के खोजी पत्रकार ने यह खुलासा किया है। पत्रकार मोचा बेजिरगान लंबे समय से उत्तर अमेरिका में खालिस्तान समर्थित गतिविधियों को कवर करते रहे हैं। उसने बताया कि, उसे खालिस्तानियों द्वारा धमकाया भी गया। पत्रकार मोचा बेजिरगन ने बताया कि वैंकूवर शहर में साप्ताहिक रैली के दौरान वीडियो बनाते समय उन लोगों ने उन्हें घेर लिया था।

मोचा ने बताया कि कनाडा में खालिस्तानी आतंकियों का भारतीय नेताओं के प्रति खतरा बढ़ता जा रहा है। उन्होंने बताया कि वह वैंकुवर में खालिस्तानी समर्थकों की एक रैली को कवर कर रहे थे।

## » न्यूज कैप्सूल »

### मत्स्यजीवी सहकारी समिति की बैठक न्याय पंचायत लाड़पुर में 11, 14 एवं 18 जून को

**कुलपहाड़ड़ ( महोबा )।** विकासखंड जैतपुर अंतर्गत सुगिरा मत्स्यजीवी सहकारी समिति की आगामी बैठक न्याय पंचायत लाड़पुर में दिनांक 11, 14 एवं 18 जून को आयोजित कराई जाएगी। मत्स्य जीवी सहकारी समिति के कार्यवाहक सचिव जितेंद्र कुमार निवासी सुगिरा ने जानकारी देते हुए बताया कि विकासखंड जैतपुर अंतर्गत ग्राम सुगिरा मत्स्यजीवी सहकारी समिति की बैठक न्याय पंचायत लाडपुर ग्राम में श्री जुगल किशोर जी मंदिर के पास 11, 14 एवं 18 जून को आयोजित होगी।

### बुंदेलखंड किसान यूनियन की जन आक्रोश जल एवं विद्युत पद यात्रा 9 जून को

**महोबा।** बुंदेलखंड किसान यूनियन द्वारा जल संकट और विद्युत समस्या को लेकर जन आक्रोश पद यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह पद यात्रा 9 जून सोमवार को दोपहर 2 बजे से बीज गोदाम से प्रारंभ होकर श्रीनगर तिगैला जैतपुर तक निकाली जाएगी। यह जानकारी किसान यूनियन के वरिष्ठ नेता अखिलेश रावत ने दी। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में पानी और बिजली की गंभीर समस्या के खिलाफ किसानों की आवाज़ बुलंद करने के लिए यह आंदोलन किया जा रहा है।

### अजनर पुलिस ने अवैध देशी शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में हिस्ट्रीशीटर अभियुक्तों के सत्यापन तथा अवैध शराब की बिक्री, परिवहन एवं निष्कर्षण पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़, श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में थाना अजनर प्रभारी निरीक्षक सत्यपाल सिंह द्वारा गठित की गयी पुलिस टीम जिसमें वरिष्ठ उप निरीक्षक कन्हैयालाल उप निरीक्षक वेदप्रकाश व उप निरीक्षक प्रशान्त दीक्षित द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए थानाक्षेत्र के कैथोरा जाने वाले मार्ग पर बहद ग्राम अकौनी से अवैध शराब के साथ 01 नफर अभियुक्त मानसिंह राजपूत पुत्र प्रान सिंह राजपूत उम्र करीब 23 वर्ष निवासी ग्राम कैथोरा थाना अजनर जनपद महोबा को हिरासत में लिया जिसके कब्जे से कुल 26 क्वार्टर बन्टी बबली ब्राण्ड अवैध देशी शराब की बरामदगी की गयी, जिसके आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना अजनर में मु0अ0सं0 128/2025 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत करते हुए अन्य विधिक कार्यवाही अमल में लायी गयी।

### शराब के कारण दंपति की चली गयी जान, परिजनों में मचा कोहराम

**महोबा।** बुंदेलखण्ड के महोबा जिले मे दंपति की खुदकुशी का मामला प्रकाश में आया है द्य इस घटना से क्षेत्र में मायूसी सी छा गई है चरखारी थाना क्षेत्र के गौरहारी गांव में पति ने सल्फाज खाकर जान दे दी वही पत्नी ने भी दो दिनों के भीतर फाँसी मे झूल कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। प्राप्त जानकारी के अनुशार करन प्रजापति की बेटी प्रियंका की शादी हमीरपुर जिले के सरीला निवासी केशव प्रजापति से दो साल पहले हुई थी केशव नशे का आदि था और नशे की हालत मे वह अपनी पत्नी के साथ रोजाना मार पीट करता था और ससुरालीजन भी प्रताड़ित करते थे पिता को जैसे जानकारी हुई तो बेटी प्रियंका को एक साल पहले घर ले आए थे काफी समझौता का प्रयास किया गया लेकिन केशव शराब पीने की आदत नहीं छोड़ पाया और उसने की हालत में सल्फास का सेवन कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया द्य ससुरालजनो के ताने सुनकर पत्नी प्रियंका ने भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली द्य इस घटना को लेकर क्षेत्र में दुख का माहौल व्याप्त है क्योंकि 2 साल पहले इन दोनों की शादी हुई थी द्य शवो को कब्जे मे लेकर चरखारी कोतवाली पुलिस बारीकी से जांच पड़ताल कर रही है।

### जरिया थाना क्षेत्र के कछवा कला गांव में दबंग युवक ने एक ही परिवार के तीन लोगों के साथ की जमकर मारपीट

**सरीला।** तहसील के जरिया थाना क्षेत्र के कछवा कला गांव में एक दबंग युवक ने घर से दुकान की ओर जा रहे एक व्यक्ति के साथ गाली गलौज करते हुए उसे कुल्हाड़ी मार दी। तथा बचाने के लिए आए युवक की पत्नी और बहन को भी पीट दिया। घटना के बाद पीड़ित व्यक्ति ने जरिया थाने में लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराए जाने की गुहार लगाई है। जरिया थाना क्षेत्र के कछवा कला गांव के निवासी राजू पत्र लक्ष्मण ने रविवार दोपहर करीब 1 बजे घटना की जानकारी देते हुए बताया कि रविवार की दोपहर करीब 12:00 बजे वह गांव में अपने घर से दुकान की ओर जा रहा था तभी रास्ते में गांव के ही निवासी दबंग युवक घनसू ने उसे रोक कर उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। बताया कि जब उसने गाली गलौज करने का विरोध किया तो वक्त दबंग ने उसे कुल्हाड़ी मार कर घायल कर दिया। बताया कि जब उसकी पत्नी पिंकी और बहन ज्योति उसे बचाने के लिए दौड़ी।

---

#### कुलपहाड रेलवे स्टेशन का प्लेटफार्म नंबर दो

# दस दिन से महरूम है बिजली और पानी, पटा पड़ा है गंदगी से

**कुलपहाड ( महोबा )।** आदर्श रेलवे स्टेशन का तमगा भले रेलवे ने दे रखा हो लेकिन सच यह है कि कुलपहाड रेलवे स्टेशन का प्लेटफार्म नंबर दो गंदगी से अटा पडा है दस दिन से इस प्लेटफार्म पर न पानी है न बिजली।

नगर में जब भी आँधी आती है या बारिश होती है रेलवे स्टेशन की लाईट ठप हो जाती है।

एक पखवाडे पहले नगर में आई भीषण ऑधी के 24 घंटे बाद नगर की बिजली आपूर्ति तो चालू हो गई थी लेकिन कुलपहाड रेलवे स्टेशन का प्लेटफार्म नंबर दो तब से अंधेरे में डूबा हुआ है। प्लेटफार्म नंबर दो पर बिजली न होने के कारण जलापूर्ति नहीं हो पा रही है क्योंकि बिना बिजली के वाटर पम्प काम नहीं कर रहा है। जिसके कारण नलों में पानी नहीं है। शौचालय सफाई के अभाव में सडांध मार रहे हैं। दिव्यांगों के लिए बने शौचालय में ताला लगा हुआ है। यूं तो प्लेटफार्म पर हैंडपम्प लगा हुआ है लेकिन हैंडपंप का हैंडल गायब है जिससे हैंडपंप से भी पानी नहीं निकाला जा सकता है।

गौरतलब है कि झांसी – दिल्ली की ओर जाने वाली सभी ट्रेनें प्लेटफार्म संख्या दो से रवाना होती हैं। इस प्लेटफार्म पर झांसी – बांदा शटल, खजुराहो – उदयपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस, चंबल एक्सप्रेस, प्रयागराज – झांसी पैसेंजर, बांदा – झांसी मेमो



एवं बनारस – ग्वालियर बुंदेलखंड एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव है। दिल्ली जाने वाली ट्रेनों में यात्रिओं की जबरजस्त भीड होती है। दूसरी तरफ प्लेटफार्म रात में अंधेरे में डूबा रहता है। प्लेटफार्म पर चारों तरफ कूडा – करकट व गंदगी फैली पडी है। जनरेटर भी खराब पडा हुआ है।

स्टेशन मास्टर जे पी मीना के अनुसार उन्होंने उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया है। लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। प्लेटफार्म नंबर दो एक सौ दस साल से भी पुराना प्लेटफार्म है। बरसात का समय है ऐसे में कीडों मकौडों की भी संभावना होती है। रेलवे ने सभी स्टेशनों को एटी लाईन से जोड दिया है। जिससे रेलवे स्टेशन पर अब 24 घंटे बिजली आपूर्ति होती है। क्योंकि एटी लाईन पर लगातार बिजली की आपूर्ति होती है। नगर के लोगों ने प्लेटफार्म संख्या दो को भी एटी लाईन से जोडने की मांग की है ताकि ऐसा न हो कि एक प्लेटफार्म रोशन रहे और दूसरा अंधेरे में डूबा रहे।

## सर्राफा व्यापारी के घर में घुसकर डकैती की घटना को अंजाम देने वाले एक बदमाश को पुलिस ने दोनों पैरों में मारी गोलियां, दूसरा बदमाश अभी तक फरार



**हमीरपुर।** जनपद में राठ कस्बे के मियांपुरा कोटबाजार इलाके में शनिवार की दोपहर करीब 2:30 बजे दो बदमाशों ने एक सर्राफा व्यापारी के मकान में घुसकर घर में मौजूद सर्राफा व्यापारी की पत्नी माया देवी को चाकू की नोक पर डराते हुए अलमारी के लॉकर में रखी 100 ग्राम सोने की ज्वैलरी लूट कर वारदात को अंजाम दे डाला था। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया था। जिसके बाद हरकत में आई पुलिस ने घटना की गहनता से जांच पड़ताल की थी। जिसके बाद राठ कोतवाली पुलिस की टीम ने किसी तरह से रविवार की रात करीब 2:00 बजे सर्राफा व्यापारी प्रमोद सोनी पुत्र नारायणदास के घर में हुई लूट की वारदात में शामिल एक आरोपी को राठ क्षेत्र के नौहाई मोड़ के पास मुठभेड़ के दौरान दोनों पैरों में गोलियां मार दी। जिसके बाद घायलावस्था में आरोपी व्यक्ति को इलाज हेतु राठ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

रविवार को राठ कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर रामआसरे सरोज ने जानकारी देते हुए बताया कि सर्राफा व्यापारी प्रमोद सोनी के मकान में हुई लूट की वारदात में शामिल मुस्करा थाना क्षेत्र के कंधौली गांव का निवासी युवक राजेंद्र पुत्र हरगोविंद पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया है तथा उसे दोनों पैरों में गोलियां लगी हैं। बताया कि आरोपी व्यक्ति के पास से अवैध तमंचा सहित एक जिंदा कारतूस व एक खोखा कारतूस सहित लूटा हुआ मंगलसूत्र बरामद हुआ है।

## बस निकलने को लेकर रोडवेज बस के परिचालक ने दूसरी बस के चालक को धमकाया, पीड़ित चालक ने उरई एआरएम पर लगाया फोन पर गालियां देने का आरोप, राठ कोतवाली में दी तहरीर



**हमीरपुर।** जनपद में राठ कस्बे के रोडवेज बस स्टैंड में आज रविवार को पहले बस निकालने को लेकर उरई और महोबा रोडवेज बस के चालक और परिचालक के बीच जमकर विवाद और गाली गलौज हो गई। उरई रोडवेज बस के परिचालक और महोबा रोडवेज बस के चालक के बीच विवाद और हंगामा होता देख रोडवेज बस स्टैंड में यात्रियों और रोडवेज कर्मचारियों की भीड़ एकत्र हो गई। महोबा रोडवेज बस के चालक ने उरई रोडवेज बस के परिचालक पर गुंडागर्दी कर धमकाने व उरई परिवहन विभाग के एआरएम पर फोन पर गंदी गंदी गालियां देने का आरोप लगाते हुए राठ कोतवाली में लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराए जाने की गुहार लगाई है।

महोबा कस्बे के ढपलाना पुरा इलाके के निवासी नवाजिश पुत्र मुनव्वर ने रविवार दोपहर करीब 2:00 बजे राठ कोतवाली में घटना की लिखित तहरीर देकर बताया कि वह महोबा डिपो में चालक के पद पर तैनात है। बताया कि आज रविवार को वह बस लेकर महोबा से उरई जा रहा था। बताया कि रास्ते में राठ पहुंचने पर राठ कस्बे के रोडवेज बस स्टैंड में पहले बस निकलने को लेकर हुए विवाद के चलते उरई रोडवेज डिपो के परिचालक ने उसके साथ गुंडागर्दी करते हुए उसके साथ अभद्रता करते हुए उसे धमकियां दे डाली। आरोप लगाते हुए कहा कि इसके बाद उरई परिवहन निगम के एआरएम ने फोन पर उसे गंदी-गंदी गालियां देते हुए बस लेकर उरई आने पर उसे जान से मारने की धमकी दे डाली। बताया कि उसने राठ कोतवाली में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

## विश्व हिन्दू महासंघ द्वारा योगी जी के जन्मोत्सव पर किया गया रक्त दान



**महोबा।** विश्व हिन्दू महासंघ राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार योगी आदित्यनाथ जी का 54 वा जन्मोत्सव उत्तरप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति (सदस्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड) के निर्देशन पर महोबा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र द्विवेदी की अध्यक्षता में संगठन ने योगी जी का जन्मोत्सव साप्ताहिक रूप में मनाया जा रहा है जिसमें आज महोबा जिला अस्पताल में रक्तदान का कार्यक्रम रखा गया जो रक्त हमारे देश के वीर सैनिकों एवं रक्त की कमी से जूझ रहे मरीजों को भेजा जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष हरिनारायण सिंह उपस्थित रहे जिन्होंने स्वयं अपना रक्तदान कर गौरवान्वित किया एवं विशिष्ट अतिथि प्रदेश मंत्री दीपक शुक्ला मुख्य वक्त मंडल प्रभारी सौरभ तिवारी की गरिमामई उपस्थिति हुई।

कार्यक्रम में उपस्थित समाजसेवी शिवकुमार गोस्वामी, भगीरथ नगायच,पुनीत सिरौठिया, मनीष तिवारी, प्रदीप सिंह, सोनू बाबा, शुभम सिंह, संचित मिश्रा, शिवम् कुमार, हिमांशु शर्मा, राहुल शर्मा एवं संगठन के समस्त पदाधिकारी गण उपस्थित रहे। रक्तदानकर्ताओं में स्वामी हरिनारायण सिंह, कबरई थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह, सौरभ तिवारी, गोपाल शुक्ला, अमित तिवारी, अतुल गुप्ता, सुधीर त्रिपाठी, सत्यम गुप्ता, नितिन पाराशर, आशीष शुक्ला, अवनीश तिवारी द्वारा रक्त दान किया गया।

## एस पी के निर्देश पर यातायात नियमों के उल्लंघन पर चलाया प्रभावी चेकिंग अभियान



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद महोबा में यातायात व्यवस्था को गतिमान बनाये रखने तथा सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी रोंक लगाये जाने हेतु वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किये जाने हेतु प्रभारी यातायात सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में आज जनपद महोबा में यातायात पुलिस द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

इस अभियान के अंतर्गत बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चालकों के विरुद्ध तथा ई-रिक्शा चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए 41 वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार प्रवर्तन (चालान) की कार्यवाही की गई है। चेकिंग के दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक भी किया गया तथा सड़क सुरक्षा के महत्व को बताते हुए यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने की अपील की गई। यातायात पुलिस द्वारा यह अभियान जनहित में आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

## जरिया थाना क्षेत्र के बीरा गांव के पास मृत अवस्था में मिली युवती की हुई शिनाख्त

### मृतका के पिता ने पिता पुत्र पर लगाया अपहरण कर हत्या करने का आरोप

**हमीरपुर।** जनपद में सरीला तहसील के जरिया थाना क्षेत्र के बीरा गांव के पास मृत अवस्था में पड़ी मिली युवती की शिनाख्त मुस्करा थाना क्षेत्र के बिहुनी खुर्द गांव की निवासी शिवानी प्रजापति पुत्री मलखान के रूप में हुई है। मृतक युवती की शिनाख्त हो जाने के बाद जरिया पुलिस ने रविवार को मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है।

बिहूनी खुर्द गाँव की निवासी मृतक युवती शिवानी के पिता मलखान ने बताया कि वह ईंट भट्ठों में लेबर भेजने का कार्य करता है। बताया कि ईंट भट्ठों में लेबर



भेजने को लेकर हुए विवाद के चलते बिहूनी खुर्द गांव का निवासी महेश और उसका पुत्र मनोज उससे रंजिस मानते थे। बताया कि बीते 6 माह पूर्व उक्त दबंग पिता पुत्र ने उसके घर में घुसकर उसके घर से 3 लाख रुपए भी चोरी कर लिए थे तथा उसे और उसकी पुत्री शिवानी को धमकी भी दी थी। बताया कि दबंगों की धमकी से परेशान होकर उसने अपनी पुत्री शिवानी को उसके मामा गोपाल और उधमचंद निवासी मऊरानीपुर के यहां भेज दिया था। बताया कि बीती 13 मई को उक्त दबंग पिता पुत्र ने मऊरानीपुर से उसकी पुत्री का अपहरण कर लिया था। इसके बाद अगले दिन 14 मई को उसने मऊरानीपुर कोतवाली में तहरीर देकर पुत्री की बरामड़की की गुहार लगाई थी लेकिन मऊरानीपुर पुलिस ने उसकी तहरीर पर कोई भी कार्रवाई नहीं की। आरोप लगाते हुए कहा कि उक्त दबंग महेश और उसके पुत्र मनोज ने उसकी पुत्री शिवानी की हत्या कर उसके शव को फेंक दिया है। बताया कि उसने जरिया थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराए जाने की गुहार लगाई है। मामले में जरिया थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी।

# गुरसरांय में जल संस्थान,जल निगम की घोर लापरवाही के चलते गहराया पेयजल संकट

### प्रशासन जनप्रतिनिधि बेखबर, जनता की नही है कोई सुनने वाला



**गुरसरांय।** नगर में 4 दिनों से जल संस्थान द्वारा पाइप लाइनों से आने वाला पानी आना पूरी तरह बंद हो जाने से नगर में पानी को लेकर हाहाकार मचा हुआ है और जल संस्थान के अधिकारी जानते हुए भी इस समस्या को अनदेखा किए हुए हैं बताते चलें गुरसरांय के 80 फ़ीसदी हैंडपंप गुरसरांय तालाब को ठेकेदारों द्वारा काम के नाम पर दो माह पहले ही पूरी तरह खाली करा लिया गया है तो दूसरी ओर धनाई तालाब को भरने के लिए 50 लाख रुपए शासन द्वारा उपलब्ध कराने के बाद भी महीनों गुजरने के बाद भी यहाँ पर पानी भरने की व्यवस्था से लेकर जल संरक्षण के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया तालाब से लेकर धनाई तालाब तक और गुरसरांय नगर के साथ गरौठा टाउन के लिए 85 करोड़ रूपया व्यय होने के बाद भी योजना धरातल पर टाय-टाय फिस्स हो गयी है क्षेत्र के विधायक ने भी कई बार इन कामों के लिए समय से पहले कराये जाने को लेकर स्थलीय निरीक्षण से लेकर अखबारों में उनके द्वारा किए गए प्रयासों को कई बार लिखा जा चुका है और तो और संबंधित आला अधिकारियों से लेकर शासन स्तर पर क्षेत्रीय विधायक द्वारा इस संबंध में कई बार लिखा पड़ी किए जाने की बात कही गई है लेकिन लग रहा है कि जनता से लेकर जनप्रतिनिधियों की भी कोई सुनने वाला नहीं है और अफसर शाही का नतीजा यह रहा की गुरसरांय-गरौठा क्षेत्र की जनता पानी के लिए तरस रही है। नगर व क्षेत्र के लोगों ने शासन से इस संबंध में जल्द बड़ी कार्यवाही की मांग की है अब देखना है की जनता को पेयजल समस्या से कैसे निजात मिलती हैं। समाचार लिखे जाने समय तक जल आपूर्ति सुचारु नही हुई थी।

### फुटबॉल की तरह एक दूसरे विभाग को दोषी ठहराकर जनता को बना रहे मूर्ख

गुरसरांय नगर में अभी तक जल संस्थान विभाग द्वारा पेयजल आपूर्ति होती थी वही बताया गया है कि जल निगम द्वारा भी कुछ टंकी निर्माण कराकर कुछ वार्डों में जल निगम द्वारा पेयजल आपूर्ति की जा रही है लेकिन पिछले चार दिनों से नगर में कोई भी वार्ड में पेयजल आपूर्ति न होने से आमजन में त्राहि-त्राहि मची हुई है और जनता द्वारा जल संस्थान के यहाँ तैनात अवर अभियंता अजय यादव से पेयजल सप्लाई क्यों नहीं की जा रही है के बारे में पूँछा गया तो उन्होंने बताया कि जल निगम का यह काम है उनसे बात कीजिये।इस प्रकार वह अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए बच रहे है और कही न कही अपनी दबंगई और सत्ता पक्ष के नजदीकी होने के चलते आम जनता को जल संस्थान से होने वाले पेयजल सप्लाई को ठप्प किए हुए हैं और आम जनता की प्रशासन से लेकर जनप्रतिनिधि कोई भी सुनने वाला नहीं है।

## उरई से जयपुर तथा पुष्कर बस सेवाऐं शूरू



### सदर तथा माधौगढ विधायक ने झण्डी दिखाकर किया रवाना

**उरई।** पुष्कर तथा उरई जयपुर बस सेवा को परिवहन निगम द्वारा पुन: आरम्भ कर दिया गया है। रविवार को सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा तथा विधायक माधौगढ़ मूलचन्द्र सिंह निरंजन ने उरई जयपुर सेवाओं को हरी झण्डी दिखाकर गन्तव्य के लिए रवाना किया गया।

इन बसों में उरई से जयपुर के लिए प्रतिदिन 11 बजे तथा जयपुर से उरई के लिए प्रात: 6 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार से पुष्कर सेवा उरई से दोपहर 2:00 बजे तथा 11:30 बजे पुष्कर से उरई के लिए प्रस्थान करेगी। राजस्थान की राजधानी जयपुर से उरई के लिए प्रात: 6:00 बजे तथा शाम 4:00 बजे प्रतिदिन 02 सेवाएँ उपलब्ध होंगी। इन सेवाओं के संचालन से जनपद जालौन तथा निकटवर्ती जनपद के आम जन मानस तथा श्रद्धालुओं को फतेहपुर सीकरी, बालाजीधाम, तथा पुष्कर धाम जैरो तीर्थ स्थलों के साथ साथ भरतपुर, दौसा, किशनगढ़ के लिए सीधी परिवहन सेवा प्राप्त होगी। अभी जनपद जालौन से अजमेर तथा पुष्कर के लिए यातायात का कोई सीधा साधन उपलब्ध नहीं है जिससे श्रद्धालुओं को झाँसी जाकर रेल मार्ग से अजमेर पुष्कर तक जाना पड़ता है। उद्घाटन कार्यक्रम में कार्यक्रम में सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक कमल किशोर आर्य, कृष्ण प्रताप सिंह डिपो प्रभारी, प्रदीप कुमार गुप्ता वरिष्ठ केन्द्र प्रभारी, अनुपम तिवारी केन्द्र प्रभारी यूपी रोडवेज इम्पलाइज यूनियन के क्षेत्रीय मंत्री रियाजुल हक, स्थानीय शाखा के अध्यक्ष अकित पटेल, मंत्री महेन्द्र कुमार रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के क्षेत्रीय मंत्री प्रबल प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष भूपेश कुमार त्रिवेदी, अमर सिंह आदि उपस्थित रहे।

### निधन पर शोक व्यक्त

**मऊरानीपुर।** सांसद कार्यालय पर सांसद प्रतिनिधि जयशंकर देवलिया की अध्यक्षता में एक शोक सभा का आयोजित हुई जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता मोहन पुरवार के छोटे भाई सुनील पुरवार के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया इस मौके पर संजय दीक्षित अमित नायक दिनेश गौतम गौरव पाठक साहिल गुप्ता पप्पू मिश्रा आलोक व्यास सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## भगवान ने माखन चोरी लीला से गोपियों का मनोरथ किया पूर्ण: शास्त्री



**गुरसरांय।** ग्राम सेमरी में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन भगवान कृष्ण बाल लीलाओं की कथा का वर्णन किया गया। भागवताचार्य पंडित राम खिलावन शास्त्री ने भगवान की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान के घर दूध दही माखन की कोई कमी नहीं थी, लेकिन ब्रज की गोपी अपने हाथों से भगवान को माखन खिलाना चाहती इसलिए भगवान ने माखन चोरी लीला को माध्यम बनाया और गोपियों के मनोरथ को पूर्ण किया। उन्होंने गोवर्धन पूजा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान ने इंद्र का अहंकार तो?ने के लिए गोवर्धन की पूजा करवाई और इन्द्र के कोप से ब्रजवासियों की रक्षा की।वहीं श्री रामचरित मानस मंच पर प्रवचनों में साध्वी रश्मि शास्त्री,साध्वी लीला भारती,सु श्री राधा भारती एवं साध्वी मानस मंदाकिनी चित्रकूट ने अपने प्रवचनों केमाध्यम से भक्ति रस की गंगा में अवगाहन कराया। संगीतमय कथा में तबला पर धर्मेंद्र कौशिक एवं ऑर्गन पर प्रमोद गोस्वामी ने संगत की।भागवत का मूल पाठ पंडित अंशुल तिवारी,पंडित पुष्पेन्द्र तिवारी ने किया। कथा की आरती परीक्षित मैदा देवी मोतीलाल कुशवाहा ने की। इस मौके पर पंडित रामनरेश मिश्रा,पंडित धीरू महाराज,पूर्व प्रधान व पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुन्ना लाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालु मौजूद थे।

## विरोधीदल मोदी सरकार की नाकामियों, और जनता के सवालों को लेकर जन आंदोलन शुरू करे: अरविंद




**उरई।** यदि सभी विरोधीदल एक जुट होकर, मोदी सरकार की नाकामियों और जनता के सवालों पर जन आंदोलन शुरु करे तो बिहार के विधानसभा सभा चुनाव से ही देश में एनडीए की हार की शुरुआत हो जायेगी। यह बात भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव अरविंद राज स्वरूप ने कहीं। वह आज स्थानीय शाहिद भगत सिंह साइंस महाविद्यालय मे भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के 24वे जिला सम्मेलन के उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि के रुप उपस्थित कम्युनिस्ट पदाधिकारी और डेलिकेट मेंटर के अलावा समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के आमंत्रित नेताओं को संबोधित करते थे। प्रदेश सचिव अरविंद स्वरूप राज ने कहा कि केंद्र में मोदीकी 11 वर्षों की सरकार तथा उत्तर प्रदेश में योगी की 09 वर्षों की सरकारों में देश और प्रदेश को गंभीर रूप से आर्थिक और सामाजिक संकट में डाल दिया है। ना कोई नए कारखाने खोले गए हैं, सरकारी क्षेत्र को प्राइवेट कंपनियों को बेचा जा रहा है। बिजली विभाग और एल आई सी को भी प्राइवेट कंपनियों को बेचने की तैयारी है। इसके कारण रोजगार सृजन कम हो रहा है और बेरोजगारों की भरमार हो रही है। श्री स्वरूप ने कहा यदि देश में गरीबी किसी में रेखा से करोड़ों लोगों पर आ गए तो फिर आज भी क्यों देश 80 करोड़ गरीबों को फ्री खाद्यान्न दिया जा रहा है। इस अवसर पर कांग्रेस नेता रेहान सिद्दीकी हिंदुस्तान यूनिलीवर की फैक्ट्री 500 ठेका मजदूर को बेकार किए जाने का सवाल उठाया और इसमें आंदोलन की जरूरत बताइए अध्यक्ष मंडल के सदस्य रामकृष्ण शुक्ला ने कहा भले ही वह 92 साल के हो गए लेकिन उन्होंने उरई क्षेत्र बनाने और नवोदय विद्यालय बनाने अपने साथियों के साथ जीवन लगाया अशोक गुप्ता , कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष चौधरी श्याम सुंदर, इप्पटाकेअध्यक्ष कामरेड देवेंद्र शुक्ला, सपा नेता महेश द्विवेदी सर, अरुण श्रीवास्तव, कम रेट सुधीर अवस्थी, विजय सिंह राठौड़ भानु सिंह महिला फेडरेशन की जिला अध्यक्ष गीता चौधरी, उषा किरण, जयशंकर द्विवेदी, संजय पाठक गोपाल जी मिश्रा ने विचार व्यक्त किए। जिला सचिव विनय पाठक ने सम्मेलन की प्रस्तावना एवं राजनीतिक रिपोर्ट प्रस्तुत की जबकि जिला संगठन मंत्री देवेश चौरसिया में अपनी संगठनात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत की जिला सम्मेलन का संचालन प्रांतीय शिक्षक नेता गिरेंद्र सिंह ने किया। इस अवसर इप्टा के प्रांतीय सचिव राजप्पन चौराहा और भिखारी नाटक प्रस्तुत कर भोजपुरी से व्याप्त तंत्र की हकीकत को बयां किया।

## अज्ञात कारणों के चलते अधेड़ ने लगाई फांसी, मौत

**जालौन।** अज्ञात कारणों के चलते अधेड़ ने रस्सी का फंदा लगाकर पंखे के हुक से फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शहजादपुरा में संजय दोहरे 55 वर्ष पुत्र रामशंकर निवासी उमरी थाना रेंढर अपने मामा के घर ग्राम शहजादपुरा में महेंद्र सिंह पुत्र निक्सन के घर बचपन से ही रहते थे। उनका विवाह विवाह 30 वर्ष पूर्व वंदना से हुआ था। विवाह के 30 वर्ष बीतने के बाद भी उनके कोई संतान नहीं हुई थी। संतान न होने के कारण परेशान रहते थे। इसी कारण से पूर्व में भी वह आत्महत्या का प्रयास कर चुके थे। 2-3 बार आत्महत्या के दौरान गांव के लोगों के पहुंचने के कारण उन्हें बचा लिया था। लगभग 1 वर्ष पूर्व पत्नी वंदना भी उसे अकेला छोड़कर चली गयी थी। अकेले पड़ जाने के कारण उन्होंने रस्सी का फंदा बनाकर पंखा के हुक से फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। जब ग्रामीणों ने उसे घर में लटका हुआ देखा तो घटना की जानकारी पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक केपी यादव मौके पर पहुंच गए तथा शव को फंदा से उतारकर शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### महिलाओं ने नाबालिग युवती की मारपीट की

**मऊरानीपुर।** दो महिलाओं द्वारा एक नाबालिक युवती के साथ मारपीट करने की शिकायत पीड़िता की मां ने पुलिस से की जानकारी के अनुसार ग्राम पचौरा निवासी रानी ने कोतवाली में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि दोपहर के समय उसकी पुत्री गाय बांधने वाले घर में गई थी तभी मोहल्ले के ही दो महिलाएं आई और पुत्री के साथ मारपीट कर दी जिससे उसे गंभीर चोटे आए शोर गुल सुनकर जब मैं वहां पहुंची तो उक्त महिलाएं भाग गई महिला ने पुलिस से कार्रवाई करने की मांग की है।

## कारवाई न होने पर भड़के परिजनों ने डीएम एसपी आवास के सामने लगाया जाम

### दो दिन पूर्व बेतवा नदी में जख्मी हालत में मिला था शव परिजनों ने दोस्तों पर लगाया था हत्या का आरोप

**उरई।** कोटरा थाना क्षेत्र में बेतवा नदी में हुई युवक की संदिग्ध मौत के मामले में कार्यवाही न होने से नाराज परिजनों ने डीएम-एसपी आवास के सामने जाम लगा दिया और नारेवाजी शुरू कर दी। जाम की सूचना पर एडीएम, सिटी मजिस्ट्रेट व सीओ सिटी सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा और कार्यवाही का आश्वासन देते हुए जाम खुलवाया।

बताते चलें कि दो दिन पूर्व कोटरा थाना क्षेत्र की बेतवा नदी में उरई निवासी रामरतन 21 वर्ष पुत्र मनीष अहिरवार अपने दोस्तों के साथ नहाने गया था। जिसके बाद से उसका कोई सुराग नहीं लगा था। दूसरे दिन रामरतन का जख्मी हालत में शव नदी में प?ा मिला था। शरीर से एक हाथ भी गायब था जो कि कुछ दूर पड़ा हुआ था और मृतक के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान भी थे। जिससे



परिजनों ने दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाया था। इस मामले के तीन दिन बीत जाने के बाद भी जब कार्यवाही नहीं हुई तो रविवार की दोपहर मृतक के परिजन दर्जनों लोगों के साथ डीएम-एसपी आवास के पास पहुंचे और जाम लगा दिया। जाम की सूचना पर मौके पर पहुंचे आलाधिकारियों ने कार्यवाही का आश्वाशन देते हुए परिजनों को समझा बुझाकर कारवाई का भरोसा दिलाया, तब जाकर उन्होंने जाम खोला। वही करीब एक घन्टे जाम लगने से जालौन-उरई यातायात बाधित रहा।

## » न्यूज कैप्सूल »

### मारपीट कर जान से मारने का मामला दर्ज

**मऊरानीपुर।** तीन लोगों ने मां बेटे व बहिन के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मामला पुलिस ने दर्ज कर लिया जानकारी के अनुसार ग्राम भदरवारा निवासी उमेश कुमार ने कोतवाली में दर्ज करें रिपोर्ट में बताया कि गांव के ही प्रेम नारायण गोविंद भागवत ने मेरे साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट की और उसे बचाने आई मां दोनी भाई व बहिन अंजो के साथ भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

### हाईवे किनारे लगे हैं डस्ट बालू गिट्टी के ढेर

**मऊरानीपुर।** झांसी खजुराहो राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित ग्राम भदरवारा के पास सरकारी जमीन पर लोगों ने कब्जा कर बालू गिट्टी डस्ट के ढेर लगा रखे हैं और वे यहां से निर्माण सामग्री की बिक्री करते हैं जिससे हर समय दुर्घटना घटित होने की आशंका बनी रहती है और खास तौर से दो पहिया वाहनों के लिए सफर जोखिम भरा होता है और आंधी आने पर डस्त के महीन कण सड़क पर आ जाते है और जिससे दो पहिया वाहनों के फिसलने का खतरा बना रहता है इसके अलावा आंखों में डस्त की धूल जाने से दो पहिया वाहन चालकों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है जब इस संबंध में उप जिलाधिकारी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि हाइवे किनारे बालू डस्त गिटटी पाए जाने पर संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### दबंगों ने बस कर्मचारियों के साथ की मारपीट कर रुपए छीने

**मऊरानीपुर।** आधा दर्जन दबंगो ने बस को रोक कर बस कर्मचारी के साथ मारपीट कर रुपए छीन ले जाने की शिकायत पीड़ित ने पुलिस से की जानकारी के अनुसार पुरानी बैलाई मऊरानीपुर निवासी सुमित चौरसिया ने कोतवाली में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह छतरपुर से दिल्ली जाने वाली यात्री बस का कर्मचारी है रात्रि के समय वह बस में सवार था और जैसे ही उसकी बस झांसी खजुराहो हाईवे पर पहुंची तभी ग्राम रूपा धमना की मोड़ के पास एक कार आई जिसमें आधा दर्जन लोग सवार थे उक्त लोगों ने बस को रूकवा कर उसके साथ बिना कारण मारपीट करने लगे और उसके रुपए छीन करने लागे और उसके रूपए छीन कर भाग गए पीड़ित ने पुलिस से उक्त आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

### किराए वृद्धि को लेकर व्यापारियों ने किया विरोध

**मऊरानीपुर।** पालिका की दुकानों का किराया बढ़ाने पर व्यापारियों ने विरोध कर ज्ञापन पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि को सौंप कर बताया कि पालिका की किराए की दुकानों पर पालिका द्वारा अधिक किराया बढ़ाने से व्यापारियों में काफी रोज व्याप्त है क्योंकि मऊरानीपुर एक छोटी सी जगह है इस मापदंड से किराया देना दुकानदारों को सम्भव नहीं है इस पालिका अध्यक्ष के प्रतिनिधि ने व्यापारियों को आश्वासन दिया वह आपके साथ है और पहले हम भी व्यापारी है और व्यापारियों की समस्या का शीघ्र निस्तारण किया जायेगा ज्ञापन देने वालों में व्यापार मंडल के अध्यक्ष दीपू मोदी सोनू खरया महेश बिलैया कैलाश अग्रवाल सुमित अग्रवाल आदेश सेन अवधेश नगरिया सहित आदि व्यापारी शामिल रहे।

### शोक समाचार

**मऊरानीपुर।** भारतीय जनता पार्टी की बैठक नगर अध्यक्ष रोहित सोनी की अध्यक्षता में हुई जिसमें भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष मोहन पुरवार के भाई सुशील पुरवार एवं पार्षद पावस मोदी के भाई ज्ञानेश्वर प्रसाद मोदी के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया मृत आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई इस मौके पर मिथलेश सिंह सेंगर चंचल कंथरिया प्रागी लाल अहिरवार दिनेश राजपूत आयुष श्रीवास महेंद्र पाठक वीरेंद्र अग्रवाल महेश नामदेव कन्हैया लाल भास्कर दिनेश गौतम सुधांशु अवस्थी धीरेंद्र झा आशु भारद्वाज राजेंद्र राहुल अजय सिंह राजावत अंकुर अग्रवाल अभिषेक बिरथारे विनोद सोनी दीपक कुशवाहा रामकिशोर आर्य बीके पटेल डॉ अनिल राज कैलाश राजपूत बालकिशन गोस्वामी मनोज मिश्रा बॉबी अग्रवाल आकाश आर्य खेमचंद अहिरवार नरेश अहिरवार वीरेंद्र यादव महेश बरार वेद गुप्ता लछोरे मौर्य रामचरण कुशवाहा बाबा जी आदि ने शोक व्यक्त किया।

## कहानी

# परदेसी



ममता कालिया

अजब परिवार है हमारा तीन भाई-बहन तीन देशों में बसे हैं सब एक दूसरे के लिए तरसते रहते हैं जब हुड़क तेज़ उठती हैं तो एक दूसरे को लम्बे-लम्बे फोन कर लेते हैं, प्यार-भरे कार्ड भेजते हैं, अगले साल मिलने का वादा करते हैं कुछ दिनों को जी ठहर जाता है।

पहले सब इकट्ठे रहते थे लखपत कोट का वह बड़ा मकान भी छोटा पड़ जाता वहीं शादियाँ हुई, वहीं नौकरी लगी बड़े भाई केन्द्रीय विद्यालय में शिक्षक नियुक्त हुए बहन ट्रेनिंग कॉलेज में प्रशिक्षक नीरद कपूरथला कॉलेज में लेक्चरर हो गया।

भाई अखबारों का गहन अध्ययन करते थे अमरजीत अखबार की तरफ ताकती भी नहीं थी नीरद कॉलेज जाकर कई अखबारों की सुर्खियाँ देख लेता उसकी दिलचस्पी का क्षेत्र साहित्य था। उन्हीं दिनों भाई को कैनेडा जाने का रास्ता नज़र आया अखबार में वहाँ स्कूलों के लिए दर्जनों पद निकले थे भाई-भाभी ने चार फॉर्म मँगा लिए घर में बड़ा बावेला मचा।

बौजी और बीजी ने कहा, दोनों भाई इकट्ठे चले जाओगे, हम किसके सहारे जियेंगे?

भाई ने कहा, अमरजीत है, पंकज है और आपकी सारी कबीलदारी यही है।

बेटों का हाथ लगे बिना तो सरग भी नहीं मिलता, बीजी रोने लगीं।

भाई बोले एक बार हम वहाँ जम जाएँ तो आप दोनों को भी बुला लेंगे बल्कि अमरो और पंकज को भी वहीं काम दिला देंगे।

शाम को नीरद कपूरथला से लौटा तो बीजी ने उससे कहा, तू तो बड़ा मीसना (घुन्ना) निकला अपने आप बाहर जाने का प्रोग्राम बना लिया।

नीरद हक्का-बक्का सारी बात जानते ही वह भड़क गया, मेरे लिए फैसला लेने का हक किसी को नहीं है चाहे कैनडा हो, चाहे टिम्बकटूँ, मैं कहीं नहीं जाऊँगा। भाई ने समझाया, यहाँ से चालीस गुनी तनखा मिलेगी, घर का सारा दलिद्दर धुल जाएगा।

आप धोओ अपना दलिद्दर मेरा फॉर्म कोई जमा न करे।

बेवकूफ, तू भरकर दस्तखत करेगा, तभी जमा होगा फॉर्म।

कहाँ हैं फॉर्म, लाओ मैं फाड़ दूँ, नीरद उठा।

अमरजीत ने फार्म बीच में लपक लिया पंकज भी उस दिन वहीं आया हुआ था।

तुम्हें नहीं जाना तो हमें दे दो हम भी निकल कर देखें इस नरक से।

नीरद उलझ पड़ा, किसे नरक कह रही हो? इस घर को या उस घर को या अपनी नौकरियों को? हद है, जरा सी सेंध क्या मिली, तुम्हें यहाँ नरक दिखाई देने लगा?

क्या है यहाँ पर! सारे दिन मेहनत करो, गिने-गिनाये रूपये हाथ आते हैं चार ट्यूशन न करें तो घर का खर्च नहीं चलता आये दिन लूट-खसोट का आतंक।

जा बच्चा, तू भी गोरों का देस देख ले, बौजी ने कहा

इस तरह एक-एक कर वे चारों चले गये हम भी बहुत दिन पंजाब नहीं रह पाये नीरद को इलाहाबाद युनिवर्सिटी में नौकरी मिल गयी और हम सब इलाहाबादी बन गये।

इस बीच बच्चे छोटे से बड़े हो गये भाई की तीनों बेटियाँ और अमरो के चीनू मीनू हमारे ताक पर फोटोग्राफ बनकर रखे रहे उनके बारे में खबर मिलती रही कि सैन्डी बहुत अच्छा पिआनो बजाती है, कि नीता ने सोशल वर्क में ग्रेजुएशन किया है और साधना की शादी वहीं के एक अमीर बाशिन्दे से तय हो गयी है हमारी स्मृतियों में वे अभी भी बच्चियाँ थीं, जो यहाँ से जाते वक्त रो रही थीं और कहती थीं, हमें नहीं जाना इतनी दूर, हम वापस आ जाएँगे। इस बार भाभी ने फोन पर कहा, भावना, हमारा बहुत अच्छा दोस्त रिचर्ड भारत जा रहा है एक हफ्ते राजस्थान घूमकर वह इलाहाबाद पहुँचेगा एक हफ्ते वह वहाँ रहेगा उसके आराम का पूरा ध्यान रखना घर की सफाई कर लेना कहीं भी गन्दगी, मच्छर, छिपकली न दिखने पाये रिचर्ड डॉक्टर है तुम्हारे भाई उसे साथ लेकर आते, पर उन्हें अभी छुट्टी नहीं मिल रही हैं हमें तुम पर भरोसा है जैसे हमारे आने पर मेहमाननवाज़ी करती हो, वैसी ही करना। इस फोन के बाद काम के तामझाम में मैं बस चकरघिन्नी हो गयी एक नज़र घर पर डाली, दूसरी परिवार पर लगा, दोनों गड़बड़ हैं घर तो बिल्कुल अजायबघर बना हुआ था।

खाने के कमरे में बीजी का तख्त बिछा हुआ था ड्राइंगरूम का पलस्तर उखड़ा पड़ा था अन्दर बच्चों ने अपने कमरे को कंप्यूटर-रूम बना रखा था पढ़नेवाले कमरे में कपड़े बिखरे रहते ड्रेसिंग टेबिल सीढ़ियों पर रखी थी और रसोई इतनी घिचपिच थी कि खुद मुझे ही उसमें सामान ढूँढने में गश आ जाता छोटे-से आयतन में बना यह फ्लैट ऐसा था कि इसमें मुहब्बत या मजबूरी के अलावा साथ रहने का कोई औचित्य नहीं था

मैंने बच्चों से कहा, देखो, ताईजी के मेहमान तीन दिन बाद आ रहे हैं तुम अपना कमरा साफ कर लो बगलवाले कमरे में उन्हें ठहरायेंगे वे तुम्हारा कमरा देखकर क्या सोचेंगे!

बच्चों ने कोई ध्यान नहीं दिया दूसरी बार टोकने पर मन्नू अपने कमरे में पड़ी सारी किताबें, सी.डी. और तौलिये हमारे कमरे में पटक आया।

मैं घर-भर का कबाड़ पड़छत्ती पर डालती, आलमारियों के ऊपर चिनती, पौधों को छाँटती, पगलायी डोलती रही।

नीरद ने कहा, क्यों परेशान होती हो जैसा घर है, वैसा ही रहने दो अगर यहाँ उसे तकलीफ होगी तो अपने आप होटल में चला जायेगा।

मेरे लिए यह तर्क ग्राह्य नहीं था वह क्या सोचेगा कि पढ़ी-लिखी लड़कियाँ हिन्दुस्तान में ऐसे घर चलाती हैं भाभी अलग खफा होंगी

तीन दिन के घनघोर परिश्रम से मैंने अध्ययन-कक्ष में रद्दोबदल कर उसे अतिथि-कक्ष में तबदील कर दिया चुन-चुन कर घर की सभी नायाब चीजें यहाँ पहुँच गयीं।

बिस्तर पर चार इंच का फोम का गद्दा, दीवारों पर पिकासो और विंशी की बनायी हुई तस्वीरों के फोटोप्रिंट, नया टर्किश तौलिया, विदेशी बाथरूम स्लिपर्स, नया जग और एक अदद फ्रिज भी कमरे के बाहर वाली जगह में रखवा दिया।

अन्नू ने इतनी तैयारियाँ देख कर कहा, वाह मम्मी! यह कमरा तो बिल्कुल विदेशी लग रहा है बस एक मेम की कसर हैं यहाँ पर।

मैंने कहा, अन्नू, प्लीज तुम अपना म्यूजिक सिस्टम इस कमरे में लगा दो अगले हफ्ते तक की बात है। आश्चर्य कि बिना हुज्जत के दोनों बच्चों ने अपना जान से प्यारा म्यूजिक-सिस्टम अतिथि-कक्ष में फिट कर दिया मैंने चुन-चुन कर बाख, बिथोविन, मोजार्ट के कैसेट टेबिल पर रखे बच्चों ने कहा, हम थोड़ा पॉप भी रख देते हैं, नहीं तो उसका हाज़मा खराब हो जायेगा।

साढ़े छः फीट लम्बा रिचर्ड पार्कर जब नीरद के साथ घर में घुसा तो कमरा उसकी उपस्थिति से एकदम भर गया वह सभी से गर्मजोशी से मिला बीजी को उसने हाथ जोड़ कर कहा, नमस्टे! मैंने उसके लिए चीज़ सैंड़विचेज बना कर पहले से ही रख लिये थे जल्दी से चाय बनायी पुरानी सेविका मालती का मन नहीं माना इतनी दूर से आये मेहमान को सिर्फ एक चीज के साथ चाय पिलाते हैं कभी? उसने आलू-प्याज़ के पकौड़े बना डाले और पापड़ तल दिये रिचर्ड इतना सब देख कर भौचक रह गया उसने गप से एक पकौड़ा मुँह में रखा ऊ औ आ। पकौड़ा बहुत गर्म था रिचर्ड कुर्सी से उछला और पकौड़ा मुँह से बाहर निकला बच्चों की तरफ देखकर हँसा, 'सॉरी' उसने कहा फिर पकौड़े को फूँक-फूँककर मुँह में डाला।

डेलिशस, उसने कहा और तीन चौथाई प्लेट चट कर गया उसे चाय भी बढ़िया लगी यह कहना मुश्किल था कि हमारी मेहनत रंग दिखा रही थी या उसका मूड

शाम को हम उसे नदी-किनारे घुमाने ले गए उसकी आदत थी, वह एक-एक चीज के इतिहास में जाने का प्रयत्न करता।

यह घाट किसने बनवाया, कौन से सन् में बना?

ये मूर्तियाँ कौन से भगवान की हैं?

इतने सारे भगवानों से आप लोग कन्फ्यूज नहीं होते?

यह मल्लाह कब से नाव चलाता है, इसकी उम्र क्या है?

जाहिर था कि हम उसके सभी सवालों के जवाब नहीं दे पाये घर आकर हमें यह भी लगा कि हम अपने परिवेश के विषय में कितने कम तथ्य जानते हैं।

बीजी ने कहा, नीरद, रिचर्ड से कह कि निकर बनियान में बाहर न निकले कपड़े पहन कर जाया करे। पर रिचर्ड को बहुत गर्मी लग रही थी वह कैनेडा के एलबर्टा इलाके से आया था, जहाँ तापमान हिमाँक से कई डिग्री नीचे रहता है।

अँग्रेजी जानते हुए भी उसका लहजा समझने में हमें थोड़ी दिक्कत हो रही थी किसी तरह काम-चलाऊ बातें हो जातीं पर मैंने पाया, बीजी और बच्चों को ऐसी कोई परेशानी नहीं थी वे सब मिलकर घंटो टी.वी. देखते भाभी ने अपने ऑफिस और घर के अंदर-बाहर का एक वीडियो टेप भी भेजा था उसे वी.सी.आर पर लगाकर वह बताता जाता, क्या हो रहा है जो बात शब्दों से स्पष्ट न होती, वह अभिनय करके पूरी करता सब ठहाके लगाते बिना भाषा के वह बीजी को भाई के हाल बता देता थोड़ी देर को मैं दोनों के बीच दुभाषिया बनी फिर बीजी ने मुझे उठा दिया। इसकी बातें मेरी समझ आ रही हैं, उन्होंने कहा।

पहली रात मैं मनाती रही कि ऊपर के कमरे में कहीं कोई छिपकाली, चूहा अपनी दैनिक गश्त पर न आ जाय मच्छरों के खिलाफ कई इन्तजाम पहले से कर रखे थे।

खाने का समय सकुशल बीता सीधा-सादा शाकाहारी भोजन था उसे अच्छा लगा पानी उबला हुआ था, फिर भी उसने नहीं पिया उसने मालती से कहा, चाय।

हिन्दी के दो तीन शब्द वह वहीं से सीख कर आया था अच्छा, हाँ, नहीं का उच्चारण और अर्थ वह जानता था।

यह सोचते हुए कि हर विदेशी को खजुराहो जाने की बेताबी होती है, हमने उसके लिए टूरिस्ट बस से वहाँ जाने का आरक्षण करवा दिया उसे बताया उसने गर्दन हिलाई नो, आइ प्लान टु गो टु सारनाथ। (नहीं, मेरा इरादा सारनाथ जाने का है।)

सारनाथ हम सब किसी भी दिन कार से चलेंगे, नीरद ने कहा, पहले तुम वह जगह तो देख लो, जिसके लिए भारत आये हो।

उसने कहा, वह ट्री ऑफ नॉलेज, बोधिवृक्ष - देखेगा उसकी बहन ने उससे बौद्ध उपासना के उपकरण मंगवाये हैं, वे खरीदेगा।

हमारे लिए अपने काम से छुट्टी लेना मुश्किल था उसने कहा, मैं अकेले चला जाऊँगा आप मुझे गाड़ी में बिठा दें। अच्छे मेज़बान की तरह हमने कहा, अभी जल्दी क्या है, आये हो तो दो चार दिन रह लो। उसने अपनी डायरी दिखायी, जिसमें उसके एक महीने के प्रवास का पूरा टाइम-टेबिल बना हुआ था। अनजान जगह में अकेले जाते तुम्हें डर नहीं लगता? मैंने पूछा।

क्या आपको मुझसे डर लगा? नहीं न! फिर मैं आपसे कैसे डर सकता हूँ? इन्सान तो हर जगह एक-सा है। पर तुम्हारे पास हमारी भाषा नहीं है अपनी जरूरत कैसे बताते हो?

काम चल जाता है। देखो, नीरद बोले, इस देश में जितने अच्छे लोग हैं, उतने बुरे भी कोई दुश्मन जैसा मिल गया, तब?

मुझे आपके भाई ने बताया था कि भारत में पानी के सिवा तुम्हारा कोई दुश्मन नहीं होगा, रिचर्ड ने हँसते हुए कहा।

साभार...

## सुविचार

उर्दू लिखने के लिये देवनागरी अपनाने से उर्दू उत्कर्ष को प्राप्त होगी।

- खुशवन्त सिंह

सपने पूरे होंगे लेकिन आप सपने देखना शुरू तो करें। - अब्दुल कलाम

## प्रसंग...

### लालच

रेलवे स्टेशन पर मालगाड़ी से शीरे के बड़े-बड़े ड्रम उतारे जा रहे थे। रे उन ड्रमों से थोड़ा-थोड़ा शीरा मालगाड़ी के पास नीचे जमीन पर गिर रहा था । जहाँ शीरा गिरा था मक्खियाँ आकर बैठ गई और शीरा चाटने लगीं। ऐसा करने से उनके छोटे-छोटे मुलायम पंख उस शीरे में ही चिपक गए, भी मक्खियों ने उधर ध्यान न देकर शीरे का लालच न छोड़ा और काफी देर तक शीरा चाटने में ही मगन रहीं । कुछ समय बाद वहाँ एक कुत्ता भी आ गया । कुत्ते को देखकर वे मक्खियाँ डरीं और वहाँ से उड़ने की कोशिश करने लगीं, परंतु पंख शीरे में चिपक जाने के कारण वे उड़ नहीं सकीं और शीरे के साथ-साथ वे सब भी कुत्ते का भोजन बनती गई । उसी समय उड़ते-उड़ते और कई मक्खियाँ भी उस शीरे पर आकर बैठती गई । उन सबके पंख भी शीरे में चिपक गए और वे भी उस कुत्ते का भोजन बन गई। उन्होंने पहले से पड़ी मक्खियों की दुर्गति और विनाश देखकर भी उनसे कोई सीख नहीं ली, जबकि वही विनाश उनकी भी प्रतीक्षा कर रहा था। यही दशा इस संसार की है । मनुष्य देखता है कि लोभ-मोह किस तरह आदमी को दुर्गति में, संकट में डालता है, फिर भी वह दुनिया के इन दुर्गुणों से बचने की कोशिश कम ही करता है। परिणामतः अनेक मनुष्यों की भी वही दुर्गति होती है, जो उन लोभी मक्खियों की हुई ।

## जरा हटके

# पृथ्वी के कोर में मौजूद है 99.95 प्रतिशत से अधिक सोना और प्लैटिनम

**वाशिंगटन(ईएमएस)।** जर्मनी की यूनिवर्सिटी ऑफ गोटिंगेन के भू-रसायनशास्त्री निल्स मेसलिंग और उनकी टीम ने हवाई की बेसाल्टिक चट्टानों का तीन साल तक अध्ययन किया। 21 मई 2025 को नेचर जर्नल में प्रकाशित शोध में कहा गया कि पृथ्वी के कोर में मौजूद 99.95 प्रतिशत से अधिक सोना और प्लैटिनम जैसी धातुएं रिस रही हैं। इसी वजह से भविष्य में पृथ्वी की सतह पर और सोना आ सकता है। दावा किया गया कि हवाई की चट्टानों में रूथेनियम जैसे दुर्लभ तत्वों की मौजूदगी ने साबित किया कि कोर अलग-थलग नहीं है। मेसलिंग ने बताया कि जब ग्रह बना तब मिटियोराइट्स के टकराव से सोना और भारी धातुएं कोर में जमा हो गईं। लेकिन अब मैग्मा प्लम्स के जरिए ये धातुएं सतह की ओर आ रही हैं। सह-लेखक प्रोफेसर मैथियास विलबोल्ड के अनुसार सैकड़ों क्वाड्रिलियन मीट्रिक टन मेंटल सामग्री कोर-मेंटल सीमा से सतह तक पहुंचकर हवाई जैसे द्वीप बनाती है। क्या इसका मतलब है कि हर कोई मालामाल हो जाएगा? यह इतना आसान नहीं। कोर में मौजूद सोना अभी भी पृथ्वी की सतह से हजारों किलोमीटर नीचे है और इसे निकालना तकनीकी रूप से असंभव है। लेकिन इस खोज से भविष्य में खनन की नई संभावनाएं खुल सकती हैं, खासकर ज्वालामुखी क्षेत्रों में। हवाई की चट्टानों में रूथेनियम और अन्य प्लैटिनम समूह की धातुओं के अंश मिले जो यह संकेत देते हैं कि कोर से रिसाव लंबे समय तक चल सकता है। यह शोध भूविज्ञान के क्षेत्र में क्रांतिकारी है क्योंकि यह पृथ्वी की आंतरिक गतिशीलता को समझने में मदद करता है।

## अंतरिक्ष...

# अंतरिक्ष यात्रियों को दी जाएगी 'मौत की दीवार' पर ट्रेनिंग

### चंद्रमा पर एस्ट्रोनॉट रह सकेंगे सेहतमंद

वॉशिंगटन (ईएमएस)।

चंद्रमा पर जाने वाले अंतरिक्ष यात्रियों को ÷मौत की दीवार÷ पर ट्रेनिंग दी जाएगी जो उन्हें कमजोर स्थिति में चंद्रमा पर जाने से रोकेगी। आपने मेले में ऐसा 'कुआं' देखा होगा जो एक बड़ी बेलनाकार संचरना होती है जिसमें गोल खड़ी दीवार पर मोटरसाइकल या कार चलाई जाती हैं। इसी दीवार को मौत की दीवार कहते हैं।

मालूम हो कि चंद्रमा की सतह पर लंबे समय तक समय बिताने वाले अंतरिक्ष यात्रियों को फिट और स्वस्थ रहने के लिए अतिरिक्त तकनीक की आवश्यकता होगी। ऐसा करने का एक तरीका अंतरिक्ष यात्रियों को गतिशील रखने के लिए एक विशाल दीवार की संरचना करना है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि इस दुनिया से बाहर जाने वाले खोजकर्ता ज्यादा कमजोर न हो जाएं, इस संरचना का उपयोग अंतरिक्ष यात्रियों की फिटनेस को बनाए रखने के लिए किया जाएगा क्योंकि वे कभी न खत्म होने वाली दीवार के साथ दौड़ेंगे। मिलान विश्वविद्यालय में फिजियोलॉजी के प्रोफेसर अल्बर्टो मिनेटी हैरान हैं कि अंतरिक्ष यात्री टीमों ने अभी तक चंद्रमा पर शारीरिक गतिविधि बनाए रखने की योजना पर विचार नहीं किया है। उन्होंने कहा कि उन्हें हैरत है कि पहले किसी को यह विचार नहीं आया था। यह चंद्रमा पर प्रशिक्षण का एक सुविधाजनक तरीका हो सकता है। दीवार का मतलब है कि पृथ्वी पर वापस आने वाले वैज्ञानिक एक आदर्श अंतरिक्ष यान पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं, जिसमें अंतरिक्ष यात्रियों को फिट रखने के लिए लगातार चलती दीवार की आवश्यकता नहीं होती है।

पृथ्वी पर वॉल ऑफ डेथ के परीक्षणों से पता चला है कि उपकरण का उपयोग करते समय अंतरिक्ष यात्रियों को सीधा रहने के लिए संघर्ष करना पड़ता है, लेकिन कम गुरुत्वाकर्षण में उन्हें 8 मील प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ते हुए देखना चाहिए और गिरने का खतरा नहीं होना चाहिए। अंतरिक्ष यात्रियों को स्वस्थ स्थिति में रखने के लिए ÷कृत्रिम गुरुत्वाकर्षण÷ का उपयोग करने का मतलब होगा कि चंद्रमा स्थित नासा के सदस्यों की हड्डियां स्वस्थ होंगी और मांसपेशियों की ताकत बनी रहेगी। साउथेम्प्टन विश्वविद्यालय में न्यूरोमस्कुलोस्केलेटल पुनर्वास की प्रोफेसर मारिया स्टोक्स ने मौत की दीवार के उपयोग के फायदों की पुष्टि की।

## फोटो ऑफ द डे



जेरुसलम में अल अक्सा मस्जिद के बाहर पारंपरिक पोशाक में तस्वीर खिंचवाती हुई एक फिलिसतीनी लड़की।

(फोटो-ईएमएस)

## राज काज

### 50000 कर्मचारियों के नाम 230 करोड़ की ठगी

प्रदेश सरकार का एक बड़ा सरकारी घोटाला उजागर हुआ है। लगभग 50000 सरकारी कर्मचारियों के नाम पर ट्रेजरी के जरिए 230 करोड रुपए की सुनियोजित रूप से ठगी की गई है। पिछले 6 महीने से यह ठगी हो रही थी। अब जब ठगी खुलकर सामने आई है। उसके बाद सरकार और उसके अधिकारी बंगले झांक रहे हैं। वित्त मंत्री ने चुप्पी साथ रखी है। जब ट्रेजरी में ही सरकार के पैसे सुरक्षित नहीं रहे। आगे भगवान ही मालिक है।

### और लो राजा, गांव गांव मे इंटरनेट

दुनिया के सबसे बड़े कारोबारी एलन मस्क को भारत सरकार ने इंटरनेट सर्विस के लिए स्टार लिंक कंपनी को लाइसेंस दे दिया है। इंटरनेट अब सेटेलाइट के जरिए गांव-गांव तक पहुंच जाएगा। झाड़ पर चढ़कर इंटरनेट सिग्नल पकड़ने की जरूरत नहीं होगी। भारत के कोने-कोने में अब इंटरनेट आसानी से उपलब्ध होगा। एलन मस्क इन दिनों सारी दुनिया में चर्चा का विषय बने हुए हैं। खासकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ उनकी दोस्ती और दुश्मनी की सारी दुनिया में चर्चा हो रही है। भारत के गांव गांव तक इंटरनेट पहुंचाने का दावा करने वाले एलॉन मस्क भारत और दुनिया के सबसे लोकप्रिय कारोबारी बन गये हैं। यह लोकप्रियता विरलों को ही हासिल होती है।

### अमीरों का कर्ज सस्ता?

भारतीय रिजर्व बैंक ने ब्याज दर को 0.50 फीसदी घटा दिया है। रिजर्व बैंक में रेपो रेट 5.50 फ़ीसदी कर दिया है। तीसरी बार रिजर्व बैंक ने भले थोड़ा-थोड़ा करके घटाया है, लेकिन घटा तो दिया है। कर्ज लेने वालों को अब सस्ते में कर्ज मिलेगा। सस्ता कर्ज गरीबों के लिए है, या अमीरों के लिए, यह आम आदमी के समझ मे नहीं आ रहा है। गरीब आदमी को तो कर्ज 24 से लेकर 36 फ़ीसदी ब्याज पर मिलता है। एनएफसी कंपनियां दिल खोलकर गरीबों को कर्ज देती हैं। गरीबों से मनमाना ब्याज वसूल करती हैं। रिजर्व बैंक जो ब्याज दर घोषित करती है। इसका लाभ किसे मिलता है? इसको लेकर आम जनता के बीच चर्चा होने लगी है।

## व्यंग्य

# मैं, कुत्ता और इंटरनैट

-गुरमीत बेदी

जब से अख़बार में यह ख़बर पढ़ी है कि अब कुत्ते भी इंटरनैट पर आशिकी करेंगे, तब से मैं बहुत टैंशन में हूँ। मुझे समझ नहीं आ रहा कि कुत्ते को इंटरनैट सिखाकर और उसे आशिकी के लिए प्रेरित करके ऐसी क्या सूचना और रोमांस क्रांति आ जाएगी जो दुनिया के लिए अभी तक अछूती है। मैं इंटरनैट के इस्तेमाल के हरगिज़ खिलाफ़ नहीं हूँ। मेरी बला से चाहे कुत्ते को इंटरनेट सिखाओ या गधे को लेकिन मेरे टैंस होने की वजह यही है कि जब मैं इंटरनेट सीख रहा हूँ तो कुत्ते को इंटरनेट सिखाने की ज़रूरत क्यों है? क्या कुत्ता मुझसे ज़्यादा शार्प माइंडिड है? जब मैं इंटरनेट पर ऐसी-वैसी साईट ऑन करूँगा तो कुत्ता मेरे बारे में क्या सोचेगा? इसी तरह जब कुत्ता कोई ऐसी-वैसी साईट क्लिक करेगा तो फिर मेरे और कुत्ते में क्या फ़र्क रह जाएगा? क्या मुझे छिप-छिप कर ऐसी साईट देखनी पड़ेगी या फिर कुत्ता मुझसे छिप-छिप कर ऐसी साईट देखेगा? चलो मान भी लो कि कुत्ते को इंटरनैट सिखाना ज़रूरी हो गया है लेकिन किस तरह के कुत्तों को इसे सिखाया जाएगा?

क्या जार्ज बुश की सिक्योरिटी में लगे कुत्ते सबसे पहले इंटरनैट सीखेंगे या फिर उन कुत्तों को यह तकनीक सिखाई जाएगी जो अपने मालिकों या मालकिनों के साथ सोफ़े पर आराम फ़रमाते हैं, बैड पर सोते हैं, कार की खिड़कियों से मुँह निकालकर सड़कछाप कुत्तों को चिढ़ाते हैं? क्या गलियों में लातें खाते देसी प्रजाति के कुत्तों को भी इंटरनेट ज्ञान प्रदान किया जाएगा? अगर नहीं तो क्यों? गलियों में आवारा घूमने वाले कुत्ते क्या कुत्ते नहीं हैं? क्या वे किसी की औलाद नहीं हैं? लेकिन अगर गलीछाप कुत्तों को भी इंटरनेट सिखाया जाएगा तो ज्ञानवान होकर वे क्या गलियों में ही झक मारेंगे? उनके स्टेटस का क्या होगा?

'कुत्ते भी इंटरनेट सीखेंगे' शीर्षक से छपी इस ख़बर ने ही मुझे प्रश्नों के भँवर में झोंक दिया है। मुझे लग रहा है कि इंटरनेट सीखने की मुझे अब कोई ज़रूरत नहीं रही। इंटरनेट जब मुझे भी आता होगा और कुत्ते को भी, तो फिर मैं कुत्ते से भिन्न कैसे हुआ या कुत्ता मुझसे भिन्न कैसे हुआ? क्या मैं और कुत्ता एक ही थैली के चट्टे-बट्टे नहीं कहलवाएँगे? क्या आदमीनुमा कुत्ते और कुत्तेनुमा आदमी के बीच कोई डिफरैंस नहीं होगा?

मुझे समझ नहीं आ रहा कि कुत्ते को इंटरनेट सिखाने का ख़याल किसी की खोपड़ी में क्यों आया? दुनिया के ग़रीब बच्चों को इंटरनेट सिखाने का ख़याल उसके दिमाग़ में क्यों नहीं आया? क्या कुत्तों के लिए इन्फॉरमेशन टैक्नॉलोजी या कंप्यूटर साइंस में डिग्री या डिप्लोमा के लिए अलग से संस्थान खोले जाएँगे? उनकी फीसें कौन भरेगा? उनके हॉस्टल में रहने का खर्चा कौन देगा? आजकल ऐसे संस्थान मनमर्जी की फीसें वसूल करते हैं और जब चाहे फीसों में वृद्धि का फ़रमान जारी कर देते हैं। अगर कुत्तों को यह बात नागवार गुज़री तो क्या वे हड़ताल पर नहीं चले जाएँगे? कुत्ते नेशनल हाइवे पर ट्रैफ़िक जाम भी कर सकते हैं, भौंक-भौंक कर आसमान सिर पर उठा सकते हैं।

## चिंतन-मनन

# मृत्यु के उपरांत शरीर नष्ट हो जाता है

अष्टावप्र गीता में आचार्य अष्टावक्र कहते हैं कि मनुष्य शरीर मात्र शरीर नहीं है। वह चैतन्य आत्मा है। आत्मा ही इस शरीर की पोषक है। जैसे ही आत्मा इस शरीर से बाहर निकलती है, शरीर विकृत होने लगता है। बुद्धि, कर्म, भोग, अहंकार, लोभ, मोह शरीर और मन के धर्म हैं, आत्मा के नहीं। आत्मज्ञान के अभाव में ऐसी भ्रांति हुआ करती है कि मैं एक शरीर हूं, आत्मा नहीं। यही तो अज्ञान है। पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश इन पांच तत्वों से मिलकर शरीर बनता है, जो भौतिक, अनित्य और नष्ट होने वाला है।

मृत्यु के उपरांत शरीर नष्ट हो जाता है, पर हम शरीर के नष्ट हो जाने के बाद भी अगली यात्र पर निकल जाते हैं। जैसे पुराने वस्त्रों को छोड़कर नया वस्त्र धारण कर लेते हैं। यह शरीर हमारा वस्त्र मात्र है, जो भौतिक पदार्थों से मिलकर बना है। हम सब घर नहीं, बल्कि इसमें रहने वाले मालिक हैं। हम बार-बार यह कहते हैं कि हम शरीर नहीं आत्मा हैं, जो चैतन्य है। आत्मा का कोई वर्ण नहीं होता, वह ब्राण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र नहीं होती। वह तो चैतन्य-शक्ति मात्र है, जो समस्त प्रकार के जीवों में समान रूप से व्याप्त है। यह आत्मा न किसी वर्ण वाली है और न आश्रम वाली है। आत्मा की न कोई जाति होती है और न ही कोई धर्म होता है। ये चार आश्रम-ब्राचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और संन्यास वाली भी नहीं है। आत्मा न कर्ता है और न भोक्ता है और न ही भोग्य विषय है। इन तीनों से परे असंग, निराकार और साक्षी मात्र है। 1कुछ लोग कहते हैं कि यह घोर कलयुग है, यह पंचम काल है। इसमें तो मुक्ति हो ही नहीं सकती। इस संदर्भ में आचार्य अष्टावप्र कहते हैं कि तुम अपने को चैतन्य में स्थिर कर लो तो अभी मुक्ति को प्राप्त हो सकते हो। जैसे दीपक जलते ही अंधेरा गायब हो जाता है, उसी तरह क्या आत्मज्ञान के प्रकाश से अज्ञान रूपी अंधकार गायब नहीं हो सकता। अज्ञान के मिटते ही जीव की सभी भ्रांतियां मिट जाती हैं।

## स्वास्थ्य खबर

# मोटापा मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी खतरा: शोध

**वाशिंगटन (ईएमएस)।** मोटापा न केवल शरीर के लिए, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा बनता जा रहा है। ताजा शोध में पाया गया है कि मोटापा चिंता जैसी मानसिक समस्याओं को जन्म दे सकता है और मस्तिष्क की कार्यप्रणाली को प्रभावित कर सकता है। यह असर आंत और मस्तिष्क के बीच होने वाली जैविक अंतःक्रिया के कारण हो सकता है। अमेरिका के जॉर्जिया स्टेट यूनिवर्सिटी की एसोसिएट प्रोफेसर और पोषण विभाग की अध्यक्ष डेजीरी वांडर्स द्वारा किए गए इस शोध में चूहों पर परीक्षण किए गए, जिससे यह निष्कर्ष सामने आया है। शोध में चूहों को दो समूहों में विभाजित कर एक समूह को छह सप्ताह तक कम वसा वाला आहार दिया गया, जबकि दूसरे समूह को 21 सप्ताह तक उच्च वसा वाला आहार दिया गया। अपेक्षा के अनुरूप, उच्च वसा वाले आहार से चूहों का वजन काफी बढ़ा और उनके शरीर में वसा की मात्रा भी अधिक हो गई।

# दो वक्त की रोटी के लिए लोग कर रहे जद्दोजहद, पाक नेताओं की हुई चांदी

## शहबाज सरकार ने स्पीकर और सीनेट चेयरमैन की बढ़ाई 500 फीसदी सैलरी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के इस्लामाबाद में जनता दो वक्त की रोटी के लिए जद्दोजहद कर रही है, ऐसे में पाकिस्तान की संसद ने ऐसा फैसला लिया जिसने करोड़ों नागरिकों की उम्मीदों को झकझोर दिया है। पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ की सरकार ने नेशनल असेंबली के स्पीकर अयाज सादिक और सीनेट चेयरमैन यूसुफ रजा गिलानी का वेतन 500 फीसदी तक बढ़ा दिया है। पहले जहां इन संवैधानिक पदाधिकारियों को 2.05 लाख पाकिस्तानी रुपए मासिक वेतन मिलता था, अब यह बढ़कर सीधे 13 लाख हो गया है। यह फैसला 1 जनवरी 2025 से लागू होगा।

पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था डगमगा रही है। डॉलर के मुकाबले पाकिस्तानी रुपया कमजोर है, महंगाई चरम पर है और बिजली-पेट्रोल की कीमतों ने लोगों का जीना मुश्किल कर रखा है। ऐसे में यह वेतनवृद्धि आम जनता को एक 'करारी चोट' का एहसास करा रही है। मार्च 2025 में ही शरीफ सरकार ने कैबिनेट मंत्रियों, राज्य मंत्रियों और सलाहकारों के वेतन में 188 फीसदी की वृद्धि की थी। अब सांसदों और सीनेटरों को भी 5.19 लाख रुपए मासिक वेतन मिल रहा है।

इस्लामाबाद के एक नागरिक ने अपना गुस्से का इजजार किया उसने कहा कि पहले तो ये लोग कमर कसने और सादगी की बात करते हैं, फिर खुद ही कैबिनेट मंत्रियों की संख्या बढ़ाते हैं और उनका वेतन भी आसमान पर पहुंचा देते हैं। जनता पर टैक्स का बोझ और खुद पर ऐश, ये तो हद है। शहबाज सरकार ने सत्ता संभालते वक्त केवल 21 सदस्यीय कैबिनेट बनाई थी, जो अब बढ़कर 51 हो चुकी है। इस भारी-भरकम खर्च को आर्थिक सुधार बताने वाले लोगों की अब आलोचना हो रही है।

देश की बिगड़ती आर्थिक स्थिति के बीच यह वेतन वृद्धि आम जनता के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसी है। आलोचकों का कहना है कि अगर यही आर्थिक सुधार का रास्ता है, तो पाकिस्तान को मुश्किलों से उबरने में लंबा समय लगेगा। पाकिस्तान की यह मौजूदा नीतियां एक ऐसे वक्त में लागू की जा रही हैं।



रोम में पोप लियो से मुलाकात करते हुए अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मेली और उनकी बहन।

# लॉस एंजिल्स में हिंसक झड़प के बाद दो हजार नेशनल गार्ड्स तैनात

## ट्रंप ने कैलिफोर्निया के गवर्नर और लॉस एंजिल्स के मेयर को माना जिम्मेदार

**लॉस एंजिल्स।** लॉस एंजिल्स में डोनाल्ड ट्रंप ने 2000 नेशनल गार्ड्स तैनात करने का ऐलान किया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक लॉस एंजिल्स में अप्रवासी समुदायों और अमेरिकी इमिग्रेशन और कस्टम्स एनफोर्समेंट के बीच हुई हिंसक झड़प के बाद यह फैसला लिया गया है। ट्रंप ने एक्स पर पोस्ट में कैलिफोर्निया के गवर्नर और लॉस एंजिल्स के मेयर को परिस्थिति के लिए जिम्मेदार माना है।





ट्रंप ने शुक्रवार को हुई आगजनी की घटनाओं पर सख्त रवैया अपनाते हुए एक्स पर लिखा- यदि कैलिफोर्निया के गवर्नर और लॉस एंजिल्स के मेयर अपना काम नहीं कर सकते तो संघीय सरकार हस्तक्षेप करेगी और दंगों और लुटेरों की समस्या का समाधान करेगी, जिस तरह से इसका समाधान किया जाना चाहिए। रिपोर्ट के मुताबिक शुक्रवार को लॉस एंजिल्स में अमेरिकी इमिग्रेशन और कस्टम्स एनफोर्समेंट की ओर से की जा रही छापेमारी ने पूरे शहर में हड़कंप मचा दिया।

इस ऑपरेशन में 44 लोगों को हिरासत में लिया गया, जिससे अप्रवासी समुदायों में आक्रोश फैल गया। इस छापेमारी के खिलाफ व्यापक विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। इसके बाद पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच कई जगहों पर टकराव की स्थिति बन गई। ऑनलाइन पोस्ट किए कुछ वीडियो में दिखा गया है कि शुक्रवार दोपहर करीब सौ प्रदर्शनकारियों की इमिग्रेशन एजेंटों के साथ झड़प हुई, जब फैशन डिस्ट्रिक्ट में एक कपड़े की दुकान पर कई कर्मचारियों को हिरासत में लिया गया। सर्विस एम्प्लॉइज इंटरनेशनल यूनियन कैलिफोर्निया ने एक बयान जारी कर कहा कि छापेमारी के दौरान यूनियन के अध्यक्ष घायल हो गए उन्हें भी हिरासत में लिया गया है।

कैलिफोर्निया के सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट के यूनाइटेड स्टेट्स अटॉर्नी ने एक्स पोस्ट में कहा कि नियोक्ता अपने कुछ कर्मचारियों के लिए फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर रहा था। छापेमारी का विरोध करने के लिए लॉस एंजिल्स के डाउनटाउन में करीब 500 लोग जमा हो गए।

## इधर यूक्रेन ने रूस का मार गिराया एसयू-35 फाइटर जेट, उधर अमेरिका ने जेलेंस्की को दी चेतावनी

**मॉस्को।** भले ही यूक्रेन छोटा देश है लेकिन में रूस को जबरदस्त टक्कर दे रहा है। बीते रोज यूक्रेन ने रूस का एसयू-35 फाइटर जेट मार गिराया। इससे अमेरिका भड़क गया और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की को चेतावनी दे डाली। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि रूस जल्द ही एक बड़ा, हमला कर सकता है। रूस विशेषज्ञ माइकल कोफमैन का मानना है कि रूस यूक्रेन की एसबीयू को निशाना बना सकता है, जो इस ड्रोन हमले के पीछे थी। इसके लिए रूस मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों का इस्तेमाल कर सकता है। लेकिन कोफमैन यह भी कहते हैं कि रूस की सैन्य ताकत पहले से ही सीमित है, क्योंकि वह पहले ही यूक्रेन पर अपनी पूरी ताकत झोंक रहा है।

रूस का विमान गिरा छोटी बात नहीं है। यूक्रेन का दावा है कि फरवरी 2022 में शुरू हुए रूस के पूर्ण पैमाने के आक्रमण के बाद से अब तक उसने रूस के 414 विमानों को नष्ट कर दिया। इस ऑपरेशन का पूरा ब्योरा तो सामने नहीं आया, लेकिन यह खबर रूस के लिए बड़ा झटका है। पिछले हफ्ते यूक्रेन ने और भी बड़ा झटका रूस को दिया। उसने 'ऑपरेशन स्पाइडरवेब' नाम से एक खास मिशन चलाया, जिसमें यूक्रेन की सुरक्षा सेवा ने रूस के 41 बमवर्षक और अन्य विमानों को निशाना बनाया।

यूक्रेन का कहना है कि इस हमले से रूस को 7 अरब डॉलर का नुकसान हुआ और उसका एक तिहाई रणनीतिक बमवर्षक बेड़ा तबाह हो गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक 21 विमान या तो पूरी तरह नष्ट हुए या बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

## कोलंबिया में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार मिगुएल उरीबे को गोली मारी

**बोगोटा।** कोलंबिया में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार मिगुएल उरीबे को शनिवार को बोगोटा में गोली मारी गई। वे हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए। सरकार ने इस घटना की निंदा करते हुए इसे 'हमला' करार दिया है। गोलीबारी के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। विदेश मंत्री लौरा सराबिया ने सोशल मीडिया पर कहा, हिंसा कभी समाधान नहीं होता। मैं सच में उम्मीद करती हूं कि उरीबे जल्द ही ठीक हो जाएं और खतरे से बाहर हों। घायल उरीबे को फौरन शहर के एक मेडिकल सेंटर ले जाया गया। बोगोटा के मेयर कार्लोस गालान ने एक्स पर जानकारी दी कि उरीबे को इमरजेंसी इलाज मिल रहा है और जरूरत पड़ने पर उन्हें किसी बड़े अस्पताल में शिफ्ट करने के लिए राजधानी की पूरी मेडिकल व्यवस्था अलर्ट पर है। बोगोटा पुलिस ने एक संदिग्ध को मौके से गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि, केंद्रीय सरकार ने बयान जारी कर कहा है कि हमले में शामिल बाकी दोषियों की गिरफ्तारी में मदद के लिए इनाम की घोषणा की गई है।

## आज का इतिहास 9 जून

1870 प्रसिद्ध उपन्यासकार चार्ल्स डिकेन्स का निधन हुआ.

1964 लालबहादुर शास्त्री प्रधानमंत्री बने.

1975 ब्रिटिश संसद के कामकाज का सीधे प्रसारण शुरू हुआ.

1991 फिलीपींस का माउंट पिनाटुबो ज्वालामुखी 600 वर्ष बाद भड़का जिसके कारण अमरीका को अपना सैनिक अड्डा खाली करना पड़ा.

1991 फिल्म निर्देशक राज खोसला का मुंबई में निधन.

1994 विवादित योगी धीरेंद्र ब्रह्मचारी का वायु दुर्घटना में निधन.

2001 लिएंडर पेस व महेश भूपति की जोड़ी ने फ्रेंच ओपन युगल खिताब जीता.

2002 हुर्रियत कांफ्रेंस के पूर्व प्रमुख सैयद अली शाह जिलानी पोटा के तहत गिरफ्तार.

2004 अकाली दल के चरणजीत सिंह लोकसभा के उपाध्यक्ष बने.





## प्रसंगतः बच्चे की सीख

बचपन से ही मुझे अध्यापिका बनने तथा बच्चों को मारने का बड़ा शौक था। अभी मैं पाँच साल की ही थी कि छोटे-छोटे बच्चों का स्कूल लगा कर बैठ जाती। उन्हें लिखाती पढ़ाती और जब उन्हें कुछ न आता तो खूब मारती। मैं बड़ी हो कर अध्यापिका बन गई। स्कूल जाने लगी। मैं बहुत प्रसन्न थी कि अब मेरी पढ़ाने और बच्चों को मारने की इच्छा पूरी हो जाएगी। जल्दी ही स्कूल में मैं मारने वाली अध्यापिका के नाम से प्रसिद्ध हो गई। एक दिन श्रेणी में एक नया बच्चा आया। मैंने बच्चों को सुलेख लिखने के लिए दिया था। बच्चे लिख रहे थे। अचानक ही मेरा ध्यान एक बच्चे पर गया जो उल्टे हाथ से बड़ा ही गंदा हस्तलेख लिख रहा था। मैंने आव देखा न ताव, झट उसके एक चाँटा रसीद कर दिया। और कहा, 'उल्टे हाथ से लिखना तुम्हें किसने सिखाया है और उस पर इतनी गंदी लिखाई!' इससे पहले कि बच्चा कुछ जवाब दे, मेरा ध्यान उसके सीधे हाथ की ओर गया, जिसे देख कर मैं वहीं खड़ी की खड़ी रह गयी क्योंकि उस बच्चे का दायाँ हाथ था ही नहीं। किसी दुर्घटना में कट गया था। यह देख कर मेरी आँखों में बरबस ही आँसू आ गए। मैं उस बच्चे के सामने अपना मुँह न उठा सकी। अपनी इस गलती पर मैंने सारी कक्षा के सामने उस बच्चे से माफी माँगी और यह प्रतिज्ञा की कि कभी भी बच्चों को नहीं मारूँगी। इस घटना ने मुझे ऐसा सबक सिखाया कि मेरा सारा जीवन ही बदल गया।

## दैनिक पंचांग

**9 जून 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 05.42 बजे से |
| चंद्र | तुला में | कर्क | 07.55 बजे से |
| मंगल | सिंह में | सिंह | 10.11 बजे से |
| बुध | मिथुन में | कन्या | 12.23 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | तुला | 14.34 बजे से |
| शुक्र | मेष में | वृश्चिक | 16.49 ब.से |
| शनि | मीन में | धनु | 19.05 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मकर | 21.10 बजे से |
| केतु | सिंह में | कुंभ | 22.56 बजे से |
| राहुकाल | | मीन | 00.29 बजे से |
| 7.30 से 9.00 | | मेष | 02.00 बजे से |
| बजे तक | | वृष | 03.40 बजे से |

**सोमवार** 2025 वर्ष का 160 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** ज्येष्ठ **पक्ष** शुक्ल
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** त्रयोदशी 09.36 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** विशाखा 15.31 बजे को समाप्त।
**योग** शिव 13.09 बजे को समाप्त।
**करण** तैतिल 09.36 बजे तदनन्तर गर 22.39 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 12.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 22° 56'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872370
**जूलियन दिन** 2460835.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जिल्हेज **तारीख** 12
**विशेष** वैकासी विसाकम।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष, ग्रीष्म ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पूर्वे गुरु अस्त पश्चिमी तिथि त्रियोदशी, सोमवासरे, विशाखा नक्षत्रे, शिशिर योगे, तैतिल करणे, वृश्चिक की चंद्रमा, चर्तुदर्शी व्रत, सर्वार्थ सिद्ध योग, योगश्च 25/53 उत्तर व्यापार मुर्हूत तथापि उत्तर दिशा की यात्रा शुभ तथा उत्तम होगी।

### आज जन्म लिए बालक का फल.......

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, कुशल वक्ता-अधिवक्ता, शासक-प्रशासक, उद्यमी, कवि, लेखक, कम्प्यूटर इंजीनियर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, लेखापाल, प्रबंधक, वैसशियर, लिपिक, मुनीम, हिसाब-किताब रखने वाला, अकाउंटेंट, मैनेजर होगा।





मेष राशिः तनाव, उदर विकार, मित्र लाभ, राज भय, पारिवारिक समस्या उभरेगी।

वृष राशिः अनुभव सुख, मंगल कार्य, विरोध, मामले मुकदमे में जीत की संभावना है।

मिथुन राशिः कुसंगत से हानि, विरोध, भय, यात्रा, सामाजिक कार्यों में सावधानी रखें।

कर्क राशिः भूमि लाभ, स्त्री सुख, हर्ष, प्रगति, स्थिति में सुधार, लाभ की गति बड़ेगी।

सिंह राशिः तनाव, प्रवास से बचें, विरोध की चिन्ता, राज कार्यों में प्रतिष्ठा बड़ेगी।

कन्या राशिः भूमि लाभ, स्त्री सुख, हर्ष, प्रगति की स्थिति में सुधार, लाभ होगा।

तुला राशिः प्रगति, वाहन का भय, भूमि लाभ, कलह, कुछ अच्छे कार्य भी होंगे।

वृश्चिक राशिः कार्य सिद्धी, विरोध, लाभ, कष्ट, हर्ष, व्यय होगा, व्यापार में सुधार होगा।

धनु राशिः यात्रा में हानि, मातृ-पितृ कष्ट, व्यय की कमी किन्तु कुछ व्यवसाय भी होगा।

मकर राशिः शुभ कार्य, वाहन आदि रोग, धार्मिक-कर्म, कुछ अच्छे कार्य हो सकते हैं।

कुंभ राशिः अभीष्ट सिद्धी, राज भय, कार्य में बाधा, राजकार्य में रुकावट होगी।

मीन राशिः अल्प हानि, रोग भय, सम्पर्क लाभ, राज कार्यों में विलम्ब तथा परेशानी होगी।

पीएल गौतमाचार्य // मोनिका

# काबुल में 30 प्रतिशत भूजल कम हुआ, पांच साल बाद सूख जाएगी जमीन

**काबुल।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल, एक बड़ी तबाही की कगार पर खड़ा है। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि अगर हालात नहीं सुधरे, तो 2030 तक काबुल के सारे भूजल स्रोत सूख सकते हैं। यह खबर न केवल काबुल के 70 लाख लोगों के लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय है। रिपोर्ट के मुताबिक एक हालिया रिपोर्ट में बताया कि, पिछले एक दशक में काबुल के भूजल स्तर में 30 मीटर तक की गिरावट आई है।

2001 में काबुल की आबादी 10 लाख से कम थी, जो अब बढ़कर सात गुना हो चुकी है। इस तेज वृद्धि ने पानी की मांग को कई गुना बढ़ा दिया है। इसके अलावा, केंद्रीकृत शासन और नियमों की कमी ने इस समस्या को और गंभीर किया है। 2025 की शुरुआत में संयुक्त राष्ट्र ने बताया कि अफगानिस्तान में पानी और स्वच्छता परियोजनाओं के लिए जरूरी 264 मिलियन डॉलर में से केवल 8.4 मिलियन डॉलर ही मिले हैं। तालिबान के सत्ता में आने के बाद से 3 बिलियन डॉलर की अंतरराष्ट्रीय मदद रुकी हुई है। पंजशीर नदी पाइपलाइन परियोजना काबुल की पानी की समस्या का एक बड़ा समाधान हो सकती है। अगर यह पूरी हो जाती है, तो 20 लाख लोगों को पीने योग्य पानी मिल सकता है। इस परियोजना का डिजाइन 2024 में पूरा हो चुका है, लेकिन 170 मिलियन डॉलर की लागत के लिए अभी और निवेशकों की जरूरत है।

तेजी से बढ़ते शहरीकरण और जलवायु परिवर्तन ने इस समस्या को और गंभीर कर दिया है। शहर के लगभग आधे बोरवेल, जो काबुलवासियों के लिए पीने के पानी का मुख्य स्रोत हैं, अब सूख चुके हैं। हर साल 44 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी की निकासी, भूजल के प्राकृतिक रिचार्ज से कहीं ज्यादा हो रही है। काबुल में पानी की कमी के साथ-साथ उसकी गुणवत्ता भी चिंता का विषय है। रिपोर्ट बताती है कि शहर का 80 प्रतिशत भूजल पीने योग्य नहीं है, क्योंकि इसमें सीवेज, नमक और आर्सेनिक जैसे हानिकारक तत्व मौजूद हैं। काबुल के लोग पानी के लिए रोजाना जूझ रहे हैं। कुछ परिवार अपनी आय का 30 प्रतिशत हिस्सा पानी खरीदने में खर्च कर रहे हैं, और दो-तिहाई से ज्यादा परिवार पानी से जुड़े कर्ज में डूबे हैं।

खैर खाना इलाके की शिक्षिका नाजिफा ने बताया, 'पानी की कमी अफगानिस्तान की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक है। खासकर कम आय वाले परिवारों के लिए यह बहुत मुश्किल है। अच्छी गुणवत्ता वाला कुएं का पानी अब मिलना मुश्किल है। इस संकट का फायदा कुछ निजी कंपनियां उठा रही हैं। वे सार्वजनिक भूजल को बड़े पैमाने पर निकालकर ऊंचे दामों पर बेच रही हैं।

## ईरान किसी दबाव को स्वीकार नहीं करेगा, परमाणु प्रतिष्ठानों निरीक्षण के लिए तैयार

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने कहा कि उनका देश अपने परमाणु प्रतिष्ठानों के निरीक्षण के लिए तैयार है, लेकिन वह किसी दबाव को स्वीकार नहीं करेगा। मीडिया रिपोर्ट में एक बयान के मुताबिक पेजेशकियन ने शनिवार को ईरान तेहरान में कजाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मूरत नूर्टलेउ के साथ बैठक की। दरअसल, वह तेहरान और वाशिंगटन के बीच चल रही अप्रत्यक्ष परमाणु बातचीत पर टिप्पणी कर रहे थे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने कहा कि ईरान की परमाणु गतिविधियां पूरी तरह से पारदर्शी हैं। ईरानी राष्ट्रपति ने कहा कि चूंकि हम निरीक्षण के लिए तैयार हैं, इसलिए हम राष्ट्रों को ज्ञान, प्रौद्योगिकी और वैज्ञानिक उपलब्धियों से वंचित करना अस्वीकार्य मानते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### कसहाई गांव में युवक की रहस्यमयी मौत, दो दिन पहले बिगड़ी थी तबीयत

**चित्रकूट।** जिले के कर्वी कोतवाली क्षेत्र के कसहाई गांव में रविवार को 37 वर्षीय युवक रविंद्र कुमार की इलाज के दौरान अचानक मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, रविंद्र पूरी तरह स्वस्थ था और दो दिन पहले ही उसे हल्की कमजोरी महसूस हुई थी। तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर शनिवार रात उसे सोनेपुर जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान रविवार सुबह करीब 11 बजे डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रविंद्र की अचानक मौत से परिवार में कोहराम मच गया, वहीं गांव में भी मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। गांव वालों के मुताबिक, रविंद्र दो दिन पहले तक सामान्य रूप से खेतों में काम कर रहा था और किसी गंभीर बीमारी की कोई जानकारी नहीं थी। सूचना मिलते ही कर्वी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। रविवार दोपहर करीब 2 बजे जिला अस्पताल में पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया पूरी की गई। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### डामर से युवक झुलसा

**मऊरानीपुर।** गर्भ डामर से युवक झुलस गया जानकारी के अनुसार अजय पुत्र मदन निवासी ग्राम बरुआ सागर को झुलसी हुई अवस्था में समुदाय स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया बताया गया कि गर्म डामर से गंभीर रूप से झुलस गया।

### शादी समारोह में आए दो युवकों की बेतवा नदी में नहाते समय डूबकर मौत

**उरई।** डकोर क्षेत्र में शादी समारोह में शामिल होने आए दो युवकों की बेतवा नदी में नहाते समय गहराई में जाने से डूबकर मौत हो गई।

डकोर थाना क्षेत्र के कहटा गांव के निवासी खुशाली ने बताया कि उसके नाती आशीष की 7 जून शनिवार रात को हमीरपुर के टोला गांव में बारात जानी थी। शादी समारोह में शामिल होने के लिए अभिषेक 16 बर्ष पुत्र रामगोपाल निवासी जडाखर राठ हमीरपुर और अंकित 21 बर्ष पुत्र संतोष अहिरवार निवासी धौहल थाना जलालपुर गांव आए थे।शनिवार शाम को अभिषेक और अंकित सहित गांव के दो अन्य युवक नहाने के लिए गांव से डेढ़ किलोमीटर दूर बेतवा नदी पर चले गए। नहाते समय अभिषेक अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। उसे बचाने के प्रयास में अंकित भी नदी में समा गया।स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस स्थान पर युवक डूबे वहां हाल ही में मौरंग खनन हुआ था। जिससे नदी में गहराई काफी बढ़ गई है। पानी की यही गहराई युवकों की मौत का कारण बन गई। डकोर थाना प्रभारी शशिकांत चौहान ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और खोजबीन कर दोनों शव बरामद किए गए। परिजनों को सूचना देकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।इस दर्दनाक हादसे से शादी की खुशिया पलभर में मातम में बदल गई। पूरे गांव में शोक की लहर है और परिजन गहरे सदमे में हैं।

### संदिग्ध परिस्थितियों में हालत बिगड़ने से युवक की मौत

**उरई।** डकोर कोतवाली क्षेत्र के बंधोली में संदिग्ध परिस्थितियों के चलते युवक की हालत बिगड़ गई। जिसे परिवार के लोग मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

डकोर कोतवाली क्षेत्र के बंधोली गांव निवासी मनीष 20 वर्ष पुत्र जितेंद्र राजपूत की बीती रात अचानक हालत बिग? गई। पुत्र की हालत बिगड़ते देख परिवार के लोगो में हड़कंप मच गया और वह उसे इलाज के लिए मेडिकल कालेज ले गए। जहां डॉक्टरों ने जांच पड़ताल के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जैसे ही पुत्र की मौत होने की खबर परिजनों को लगी तो उनमें चीख-पुकार शुरू हो गई और सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पूछताछ शुरू कर दी। परिजनों ने बताया कि उसे मिर्गी का दौरा आता था।जिससे वह अक्सर बीमार रहता था।

### डीएम के निर्देश पर सड़कों पर उतरे अफसर, रॉन्ग साइड वाहनों पर कसी नकेल

**उरई।** जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देश पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए रॉन्ग साइड चलने वाले वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया।

# चित्रकूट में जनसुविधा की हत्या, प्रशासन के फैसले पर जनता का फूटा गुस्सा

### बस स्टैंड के पीछे पूंजीवादी साजिश

### जनसुविधा पर प्रशासनिक तुगलकी फरमान

**चित्रकूट।** शहर के बीचों-बीच स्थित बस अड्डे को अचानक बंद कर देना प्रशासन के लिए शायद एक यातायात प्रबंधन का विषय हो सकता है, लेकिन आम जनता के लिए यह सीधा-सीधा जनता की सुविधा पर चोट है। प्रशासन ने आदेश जारी किया है कि शहर के हृदयस्थल में मौजूद बस स्टैंड को पूरी तरह बंद कर, उसे शहर से 5 से 7 किलोमीटर दूर बेड़ी पुलिया और रामायण मेला परिसर के बीच शिफ्ट कर दिया जाए। तर्क दिया गया- शहर में जाम लगता है। मगर जनता पूछ रही है- क्या भीड़ हटाने के नाम पर लोगों की पहुँच और सुविधा की बलि दी जाएगीड़ क्या प्रशासन शहर में जाम हैंडल कर पाने में असमर्थ हैड़ बस अड्डे का स्थानांतरण केवल एक प्रशासनिक आदेश नहीं, बल्कि आम नागरिक की रोजमर्रा की जरूरतों पर किया गया क्रूर प्रहार है। स्थानीय नागरिकों ने इसे जनविरोधी और हिटलरशाही मानसिकता की संज्ञा दी है। कहना है कि पहले जहाँ घर से कुछ कदम चलकर बस मिल जाती थी, अब लोगों को कई किलोमीटर दूर सुनसान क्षेत्र में जाना पड़ेगा- वो भी दिन-रात, महिलाओं, बुजुर्गों, विद्यार्थियों, मरीजों और मजदूरों के लिए बेहद खतरनाक और असुविधाजनक है। सूत्रों की मानें तो पिछले कुछ सालों से इस स्थान पर महंगे दुकानों के निर्माण की योजना चल रही है। गरीब पटरी दुकानदार, चाय-नाश्ता बेचने वाले मजदूर, या छोटे व्यापारियों के पास 20-25 लाख की पगड़ी जमा कर ऐसे स्थानों पर दुकान लेने की ताकत नहीं है। लेकिन प्रशासन उनकी नहीं, उन्हीं की सुन रहा है जिनकी जेब में मोटा पैसा है। ये वही लोग हैं जो महंगी दुकानें लेंगे और




फिर उन्हीं दुकानों को तीन गुना किराए पर गरीबों को देकर खुद मालिक बन बैठेंगे। और बडे नेता-अधिकारीगण इन्ही दुकानों का उदघाटन कर विकास का झुनझुना बजाएंगे। गरीबों को हटाओ, अमीरों को बसाओ- यही असली एजेंडा है, ऐसा जनता का आरोप है। चित्रकूट में आज जो हो रहा है वह केवल एक बस स्टैंड का स्थानांतरण नहीं है। यह जन सुविधाओं का जन विरोध में तब्दील होना है। जनता इसे साफ तौर पर नियोजित पूंजीवादी हस्तक्षेप और विकास के नाम पर विस्थापन मान रही है। सवाल यह नहीं कि बस अड्डा कहाँ गया, सवाल यह है कि जनता की पक्ष में निर्णय कब लिए जाएगेंड़

बस अड्डा नहीं हटा, गरीब हटाया गया है नगर के वरिष्ठ समाजसेवी एवं नेता सुशील श्रीवास्तव ने बस अड्डे के स्थानांतरण पर प्रशासन की तीखी आलोचना करते हुए इसे पूंजीवादी मानसिकता की उपज बताया। स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह कोई विकास नहीं, बल्कि पूंजी की सत्ता का विस्तार है, जिसने अब सरकारी दफ्तरों तक अपने पैर पसार लिए हैं। श्रीवास्तव ने चेताया कि पूरे जिले की नीतियाँ अब उन्हीं ताकतों के इशारे पर चल रही हैं, जिनकी तिजोरी भरी है। कहा कि इस व्यवस्था में अगर कोई हाशिये पर है, तो वह है गरीब, मजदूर और कमजोर वर्ग -जिनकी न आवाज सुनी जा रही है, न जरूरतों का सम्मान किया जा रहा है।

अस्थायी बस स्टैंड पर अधिवक्ताओं की चिंता कर्वी शहर में अस्थायी बस स्टैंड को बंद किए जाने पर एडवोकेट काउंसिल ऑफ इंडिया के जिला प्रभारी रामप्रकाश पाण्डेय एडवोकेट ने चिंता जताई है। कहा कि इस निर्णय से सिर्फ आम जनता ही नहीं, बल्कि अधिवक्ताओं को भी आने-जाने में गंभीर असुविधा का सामना करना पड़ेगा। रामप्रकाश पाण्डेय ने बताया कि वह शीघ्र ही जिलाधिकारी से मुलाकात कर इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा करेंगे, ताकि आमजन को राहत मिल सके और यातायात व्यवस्था जनहित में बनी रहे।

# मानिकपुर की जमीनी जंग- हाईकोर्ट में मामला विचाराधीन, फिर भी दावेदारी के नाम पर बदनाम करने का खेल

### सोशल मीडिया पर बघेल का पलटवार

### हाईकोर्ट में मामला, गांव में तमाशा

### बघेल परिवार में जमीनी बवाल

**चित्रकूट।** जिले के मानिकपुर थाना क्षेत्र के गड़चपा गांव की सियासत और जमीनी विवाद ने इस बार नया मोड़ ले लिया है। गांव के रहने वाले अरुण सिंह उर्फ मिंटू बघेल पर उन्हीं के सह-खातेदार और पारिवारिक सदस्य ने 12 बीघा जमीन कब्जाने का सनसनीखेज आरोप लगाया है। लेकिन बघेल ने इस पूरे प्रकरण को एकसोची-समझी साजिश करार देते हुए सोशल मीडिया पर बम फोड़ा- जहां उन्होंने न सिर्फ अपने वैध जमीनी कागजात सार्वजनिक किए, बल्कि हाईकोर्ट में विचाराधीन मामले के दस्तावेज भी पोस्ट कर दावा किया कि सच को दबाया नहीं जा सकता। अरुण सिंह बघेल ने सोशल मीडिया पर एक के बाद एक दस्तावेज डालकर आरोपों की धज्जियां उड़ाते हुए स्पष्ट किया कि जिस जमीन को लेकर विवाद खड़ा किया जा रहा है, वह मेरी पत्नी अनुराधा सिंह के नाम पर दर्ज है, और वर्षों से हम उसी जमीन को जोत-बो रहे हैं। बघेल का दावा है कि परिवार में भूमि बंटवारा स्पष्ट है। जो व्यक्ति मुझ पर आरोप लगा रहा है, वह खुद अपनी हिस्से की जमीन पर खेती कर रहा है, और मैं अपनी। लेकिन गांव के कुछ दबंग लोग और राजनीतिक विरोधी, सत्ता के संरक्षण में, बार-बार षड्यंत्र रचकर मुझे और मेरी छवि को धूमिल करने की कोशिश कर रहे हैं। अरुण सिंह ने यह भी आरोप लगाया कि उनकी भाभी पिछले 10 वर्षों से जिला पंचायत सदस्य हैं और राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के चलते उनके परिवार को बार-बार टारगेट किया जा रहा है। विवादित भूमि पर मामला पहले से ही माननीय उच्च न्यायालय, राजस्व परिषद हाईकोर्ट प्रयागराज में विचाराधीन है, बावजूद इसके गांव के कुछ प्रभावशाली लोगों द्वारा उनकी पत्नी अनुराधा सिंह को जमीन से बेदखल करने का प्रयास किया जा रहा है। इसको लेकर पीड़ित पक्ष ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर न्याय की गुहार लगाई है। बघेल का साफ कहना है कि यह सिर्फ जमीनी लड़ाई नहीं, बल्कि चरित्र हनन और मानसिक प्रताड़ना का षड्यंत्र है। वहीं विपक्षी से बात करने की कोशिश की गई पर बात नही हो पाई।

# सत्ता की तिलिस्मी चुप्पी तोड़ेगा कांग्रेस का संगठन सृजन अभियानः कुशल सिंह पटेल

### सत्ता के खिलाफ जनआक्रोश की हुंकार

### प्रशासनिक मशीनरी हुई निरंकुश



**चित्रकूट।** जिले की राजनीति में कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान में पहाड़ी ब्लॉक और चित्रकूट ब्लॉक में दो महत्वपूर्ण बैठकों का आयोजन किया गया। पहाड़ी ब्लॉक की बैठक चंद्रपाल वर्मा के आवास, बरेठी रोड पर, जबकि चित्रकूट ब्लॉक की बैठक ग्राम जिला माफी में बजरंगबली स्थल के पास चबूतरे पर हुई। दोनों ही बैठकों की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने की। कुशल सिंह पटेल ने अपने जोरदार संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देशों का हवाला देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी न्याय पंचायत स्तर तक जाकर संगठन को मजबूत कर रही है। कहा कि आज जब महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है, तब सत्ता पक्ष केवल धर्म की राजनीति कर जनता को गुमराह करने का काम कर रहा है। बैठक को संबोधित करते हुए कोऑर्डिनेटर आदित्य स्वरूप पांडे ने कहा कि यह आंदोलन केवल सत्ता परिवर्तन का नहीं, बल्कि संविधान और लोकतंत्र की पुनः स्थापना का संघर्ष है। पीसीसी सदस्य रंजना बराती लाल पांडे ने कौशांबी जिले की हालिया घटना पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि शांतिपूर्ण धरना दे रहे ब्राह्मण परिवारों पर पुलिस द्वारा लाठी और जूतों से हमला बेहद निंदनीय है। स्पष्ट संकेत है कि उत्तर प्रदेश की प्रशासनिक मशीनरी अब निरंकुश हो चली है और प्रदेश में लोकतंत्र की जगह हिटलरशाही हावी हो चुकी है। गज्जू प्रसाद फौजी ने कहा कि जब आम जनता न्याय की बात करती है, तब उसकी आवाज पुलिस बल के दम पर दबा दी जाती है। विजय मणि त्रिपाठी ने कहा कि चित्रकूट में बिजली, पानी, सड़क जैसी मूलभूत समस्याओं से जनता त्रस्त है, लेकिन जनप्रतिनिधि और प्रशासन दोनों उदासीन हैं। इस मौके पर विनय सिंह चौहान, कामता प्रसाद द्विवेदी, सविता पाल, इंद्रजीत उपाध्याय, दयाराम वर्मा, श्याम सुंदर, मोहन सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

# मऊ के नत्थूराम ने एसपी से लगाई जान-माल की गुहार, बोले- मुझे फर्जी केस में फंसाने की हो रही साजिश

पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप

पुलिस ने मामला को बताया गलत

दोनो पक्षों से मुकदमा दर्ज

**मऊ/चित्रकूट।** क्षेत्र के मवई गांव के गरीब दलित युवक नत्थूराम पुत्र मंगलदास ने एसपी को शिकायती पत्र देकर अपनी जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। प्रार्थी का आरोप है कि गांव के ही दबंग युवक ने उसे दिनदहाड़े दुकान जाते समय लाठी से मारकर घायल कर दिया, मोबाइल तोड़ दिया और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। बताया कि 12 मई की सुबह 8 बजे, जब नत्थूराम गांव की दुकान का सामान लेने जा रहा था, तभी राकेश कुमार पुत्र कृपाशंकर, जो पहले से घात लगाए बैठा था, ने उस पर अचानक हमला कर दिया। लाठी से सिर पर वार कर उसे लहूलुहान कर बेहोश कर दिया, उसका मोबाइल तोड़ दिया और जेब से गिरा 100 रुपए भी उठा लिए। हमले के बाद जब नत्थूराम थाना मऊ पहुंचा, तो आरोप है कि राकेश पहले



से ही पुलिस से साठगांठ कर वहां मौजूद था और उस पर थाने में ही जबरन समझौते का दबाव बनाया गया। नत्थूराम का कहना है कि उसे बलात्कार जैसे संगीन केस में फंसाने की धमकी देकर सुलहनामा लिखा लिया गया, जबकि उस समय वह चोटिल और मानसिक रूप से अर्धबेहोशी की हालत में था। इतना ही नहीं, प्रार्थी ने आगे बताया कि 13 मई को जब वह गांव में था, तो राकेश ने फिर से धमकी दी कि अबकी बार हाथ-पैर तोड़ दूंगा और जिंदगी बर्बाद कर दूंगा। इस घटना के बाद नत्थूराम ने 15 मई को थाना मऊ में एफआईआर दर्ज कराई। नत्थूराम ने पुलिस अधीक्षक को दिए पत्र में लिखा है कि वह एक गरीब दलित व्यक्ति है और अब पुलिसिया दबाव में उसे फर्जी मुकदमों में फंसाने की साजिश की जा रही है। मांग की है कि उसे न्याय दिया जाए और उसकी जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। थाना प्रभारी मऊ दुर्ग विजय सिंह ने बताया कि राकेश कुमार नाई की बहन किसी के साथ भाग गई है ऐसा दुष्प्रचार नत्थूराम समाज में कर रहा था, जिस बात को लेकर दोनों पक्षों ने कहा सुनी एवं लड़ाई झगड़ा हुआ, जिसमें नत्थुराम के उंगली में चोट लग गई है। राकेश कुमार की तहरीर पर नत्थूराम के खिलाफ एवं नत्थुराम की तहरीर पर राकेश कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, आगे बताया कि नत्थुराम गलत है।

# महिला, बच्चे समेत पांच पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला, एक की हालत नाजुक

### चित्रकूट में दबंगई की हदें पार

### पुलिस कर रही है जांच

**पहाड़ी/चित्रकूट।** जिले के पहाड़ी थाना के ग्राम परसौंजा में शनिवार रात करीब 10:30 बजे दबंगई का नंगा नाच देखने को मिला। एक ही परिवार पर हुए जानलेवा हमले में महिला और मासूम बच्चे सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हमले की क्रूरता का आलम यह रहा कि एक छोटे बच्चे तक को लाठियों से पीटा गया, वहीं एक महिला को सिर में लाठी मारकर घायल कर दिया गया। घटना को लेकर घायल परिवार के सदस्य कुलदीप यादव ने पहाड़ी थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग



की है। शिकायत में बुद्धविलास यादव, बहादुर यादव, जंगी यादव (पुत्रगण खुली यादव), पिंटू (पुत्र छोटा यादव) तथा अन्य अज्ञात दबंगों के नाम शामिल हैं। हमले में घायल हुए लोगों में गौकरण, शिवकरण (पुत्रगण स्व. रामसजीवन), शुभम (पुत्र राजकरण), सुमित (पुत्र गौकरण) शामिल हैं। गौकरण की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है और उसे गंभीर चोटें आई हैं। इस बर्बर हमले ने एक बार फिर से ग्रामीण सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस की संवेदनहीनता पर सवाल खड़े कर दिए हैं, क्योंकि घटना के 24 घंटे बीतने को हैं, लेकिन अभी तक एफआईआर तक दर्ज नहीं की गई है। थाना पहाड़ी पुलिस ने बताया है कि पीड़ित की तहरीर प्राप्त हो गई है, मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। लेकिन सवाल यह है कि सिर फूटा, खून बहा, अस्पताल में घायल तड़प रहे हैं- फिर भी एफआईआर दर्ज करने से परहेज क्यों।

### शराब-गांजा पार्टी में चली गोली, पारस वर्मा की मौत से मचा हड़कंप- हादसा या हत्या

**चित्रकूट।** शहर कोतवाली क्षेत्र के पावर हाउस के पास शनिवार की रात उस वक्त सनसनी फैल गई, जब शराब और गांजा की महफिल के बीच अचानक गोली चल गई। गोली लगने से घायल युवक पारस वर्मा की मौत हो गई। यह गोलीबारी महज हादसा थी या इसके पीछे कोई रची गई साजिशड़ पुलिस इसी सवाल की तह तक जाने की कोशिश कर रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, पारस अपने दोस्तों मैकू, करण, सुभाष यादव और पुत्तन के साथ खेत में बैठकर गांजा पी रहा था। इस दौरान मैकू ने बार-बार अवैध तमंचा निकालकर खेलने की कोशिश की, जिसे देख कर करण ने उसे रोका भी। लेकिन जैसे ही करण फोन पर बात करने में व्यस्त हुआ, अचानक गोली चल गई, जो सीधे पारस के पेट में जा लगी। घटना के बाद मौके पर मौजूद सभी दोस्त घबरा गए और आनन-फानन में पारस को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही अस्पताल और गांव में कोहराम मच गया। उधर, मैकू और उसके कुछ साथी मौके से फरार हो गए, जिनकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। दिलचस्प बात यह है कि मृतक पारस वर्मा खुद भी आपराधिक पृष्ठभूमि से जुड़ा था। उसके खिलाफ कर्वी कोतवाली में धारा 307 (हत्या का प्रयास) के तहत मुकदमा दर्ज था और वह हाल ही में जेल से छूटकर बाहर आया था। उसकी ऐसे संदिग्ध हालात में मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि घटना के पीछे हादसा है या सोची-समझी साजिश, इसकी जांच की जा रही है।

# पंच परिवर्तन से राष्ट्र का नवनिर्माण संभवः अभय महाजन

**चित्रकूट।** कोलकाता के भारतीय भाषा परिषद सभागार में रविवार 8 जून को आयोजित आचार्य विष्णुकांत शास्त्री स्मृति व्याख्यानमाला के बीसवें आयोजन में बदलते राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में पंच परिवर्तन की प्रासंगिकता विषय पर आयोजित व्याख्यान में दीनदयाल शोध संस्थान के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन ने कहा कि मात्र सत्ता परिवर्तन से नहीं, बल्कि व्यक्ति के आत्मपरिवर्तन से ही समाज और राष्ट्र का कल्याण संभव है। उन्होंने स्वत्व जागरण, स्वदेशी, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक कर्तव्य को पंच परिवर्तन के रूप में प्रस्तुत करते हुए कहा कि ये पांचों तत्व राष्ट्र को पुनः विश्वगुरु बनाने की दिशा में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। महाजन ने कहा कि स्व का



जागरण आत्मबल को सशक्त करता है, स्वदेशी से आत्मगौरव और आत्मनिर्भरता का भाव आता है, जबकि सामाजिक समरसता केवल आयोजनों से नहीं, बल्कि समाज की सक्रिय सहभागिता से आती है। उन्होंने पर्यावरण की अनुकूलता को मानसिक शांति का आधार बताया और कहा कि अधिकारों की अपेक्षा कर्तव्यों के पालन से समाज का विकास होता है। पंच परिवर्तन को अपनाकर ही भारत पुनः वैभवशाली बन सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समाजसेवी और उद्योगपति शिशिर बाजोरिया ने ऑपरेशन सिंदूर में स्वदेशी आयुधों के प्रयोग को स्वदेशी की शक्ति का प्रमाण बताया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ आयकर सलाहकार सज्जन कुमार तुलस्यान ने भारत को उभरती आर्थिक महाशक्ति बताते हुए कहा कि नैतिक, सांस्कृतिक और सामाजिक मूल्यों के साथ आर्थिक विकास ही सच्ची उन्नति है। कार्यक्रम का आरंभ आचार्य विष्णुकांत शास्त्री रचित गीत की प्रस्तुति से हुआ, जिसे गायक ओमप्रकाश मिश्र ने प्रस्तुत किया। संचालन महावीर बजाज ने किया, जबकि स्वागत डॉ तारा दूगड़ और धन्यवाद ज्ञापन बंशीधर शर्मा ने दिया।

## » न्यूज कैप्सूल »

### रिलेशनशिप में रहने वाली प्रेमिका को बुलाकर मारपीट कर गर्भ गिराने का आरोप

**ललितपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बायपास रोड पर एक प्रेमिका के साथ उसके ही रिलेशनशिप में रहने वाले प्रेमी ने गाली गलौज कर मारपीट की, जिससे उसका गर्भ गिर गया। आसपास के लोगों के बीच बचाव के कारण उसकी जान बची। उक्त मामले को लेकर पीड़िता ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया। शहर के मोहल्ला नई बस्ती निवासी एक युबती ने सदर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि इलाइट चौराहे के पास स्थित वसंत विहार कॉलोनी निवासी मिथुन उर्ड़ छोटू पुत्र नाथूराम कुशवाहा उसके साथ पिछले करीब 5 वर्षों से रिलेशन शिप में रह रहा था, जिस कारण वह हाल ही में गर्भवती थी। दो दिन पूर्व उक्त छोटू द्वारा उसे फोन पर हाईवे बाई पास के पास बुलाया और गाली गलौज करते हुए मारपीट करना शुरू कर दिया। इस दौरान उसने उसके पेट में लात मारी, जिससे उसके गर्व की हानि हुई और जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से रफू चक्कर हो गया। आसपास के लोगों ने बीच बचाव कर उसकी जान बचाई। सदर कोतवाली पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर युक्ति द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर आरोपी के खिलाफ 115(2), 352, 351(3) धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ करती है।

### गांव के दो परिवारों के बीच उत्पन्न हुए विवाद में जमकर गाली गलौज मारपीट कर दी गई धमकी

**दोनों ही पक्षों की शिकायत पर आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज**

**ललितपुर।** थाना सौजना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गौना में किसी बात को लेकर दो परिवारों के बीच विवाद उत्पन्न हो गया। आपसी कहासुनी से शुरू हुआ विवाद गाली गलौज मारपीट कर धमकी देने तक जा पहुंचा। दोनों ही पक्षों की शिकायत पर पुलिस ने आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गौना में दो परिवारों के बीच उत्पन्न हुए विवाद को लेकर प्रथम पक्ष के रूप में चंद्रभान पुत्र धीरे कुशवाहा ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि दिनांक 6 जून 2025 को रात्रि करीब 8ः00 बजे सूरज पुत्र कल्ला कुशवाहा अपने दो अन्य साथियों के साथ उसके घर पर आ धमका और उसके साथ-साथ उसकी चाची कमला पत्नी परसादी के साथ सरेआम गाली गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। तो वहीं दूसरे पक्ष के रूप में मुन्ना पुत्र हल्का कुशवाहा ने भी विपक्षी मलखान पुत्र अजुद्दी कुशवाहा सहित तीन विपक्षियों पर उसके और उसकी पत्नी भगवती तथा भाई कल्ला के साथ गाली-गलौज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। थाना सौजना पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर दोनों ही पक्षों द्वारा दिए गए शिकायती पत्रों के आधार पर दोनों ही पक्षों के आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ 115(2), 352 351(3) धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

### जिला मुख्यालय से सटे पनारी में 75 एकड़ भूमि पर बनेगा तालाब, घाटों पर होगा सघन वृक्षारोपण

**ललितपुर।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा शुक्रवार की शाम विकासखण्ड जखौरा अन्तर्गत ग्राम पंचायत पनारी में भ्रमण कर तालाब हेतु दर्ज 75 एकड़ भूमि का निरीक्षण किया गया इस निरीक्षण में बताया गया कि उक्त गया संख्या 1481 भूमि 75 एकड़ 74 डिसमिल जो तालाब के नाम खतौनी में दर्ज है। तालाब की भूमि पर लगभग 1.5 किलोमीटर में पुराना स्पिलवे बना हुआ है, जो कुछ स्थानों पर क्षतिग्रस्त है। बताया गया कि पूर्व में कुछ ग्रामीणों द्वारा भूमि पर कब्जा कर फसल आदि बोई जाती रही है, जिसका संज्ञान लेकर जिला प्रशासन द्वारा मा.सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार अवैध कब्जा हटवाकर उक्त भूमि को पुनः तालाब के रूप में खतौनी में दर्ज करवा दिया गया, जिसके पुनरोद्धार के लिए जिलाधिकारी ने उक्त भूमि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने तालाब पर बने हुए स्पिलवे के क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत कराकर घाटों पर सघन वृक्षारोपण कराने के निर्देश दिए, इसके अलावा तालाब के पीछे की ओर खाई खुदवाई गई है, जिसमें बंदी का निर्माण कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे यह भूमि अन्य जमीनों से पृथक हो जाए और भविष्य में उस पर अतिक्रमण न हो सके। इसके पश्चात तालाब निर्माण हेतु अन्य कार्य कराए जाएंगे।

### सरेआम हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते थाना मड़ावरा पुलिस के हत्थे चढ़े तीन अभियुक्त

**ललितपुर।** जनपद में अपराध अपराधियों पर लगाम लगाए जाने के उद्देश्य एवं वांछितों की धर पकड़ के लिए चलाए जा रहे चेकिंग और गस्त अभियान के दौरान थाना मड़ावरा पुलिस ने जुआरियों को पैसे से हार जीत की बाजी लगाते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जुआरियों के कब्जे से 31,000 से अधिक की धनराशि भी बरामद की गई है पुलिस में सभी जुआरियों के खिलाफ मामला पंजीकृत कार्यवाही की है। जनपद में अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुस्ताक के दशा निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह तथा क्षेत्र अधिकारी मड़ावरा राजेश कुमार श्रीवास्तव के निकट पर्यवेक्षण में लगातार चेकिंग तथा गस्त अभियान चलाया जा रहा है।

# साहब... जब हमारी जान ही सुरक्षित नहीं तो हम पीड़ितों की कैसे करेंगे मदद.....

**दबँगों के कहर से जीवन दायनी 108 एम्बुलेंस स्टाफ की जान को खतरे में.....**

**एंबुलेंस पर तैनात मेडिकल स्टाफ के साथ दबंगों ने गाली गलौज कर कटीले तारों से की मारपीट**

**पीड़ित कर्मचारियों ने सदर कोतवाली पुलिस को नामजद दबंगों के खिलाफ शिकायती पत्र देकर उठाई कार्यवाही की मांग**





**ललितपुर।** भारत सरकार और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही 108 एम्बुलेंस के कर्मचारी दिन-रात मरीजों की सेवा में लगे रहते हैं। लेकिन दबंगों के कहर से अब उनका अस्तित्व खतरे में आता हुआ दिखाई दे रहा है। जनपद के जिला चिकित्सालय में 108 एंबुलेंस कर्मचारी के साथ दबंग कभी भी कहीं भी गाली गलौज कर मारपीट करते हैं, जिसको लेकर स्वास्थ्य विभाग और पुलिस विभाग द्वारा प्रभावी कार्यवाही न होने से दबंगों के होसले बुलंद है और वह लगातार एंबुलेंस कर्मियों को अपना निशाना बना रहे हैं। हाल ही में जिला चिकित्सालय परिसर में बने हुए 108 एम्बुलेंस कार्यालय पर तैनात कर्मचारियों के साथ दबंगों ने घुसकर गाली गलौज कर कटीले तारों से मारपीट कर दी, जिसमें एक स्वास्थ्य कर्मचारी घायल हुआ। उक्त घटना को लेकर सभी कर्मचारियों में आक्रोश देखा गया और उन्होंने सदर कोतवाली पहुंचकर पुलिस को शिकायती पत्र देकर नामजद व अज्ञात दबंगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही करने की मांग उठाई।

सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत जिला अस्पताल परिसर में संचालित 108 एम्बुलेंस कार्यालय में उस समय हड़कंप की स्थिति देखी गई, जब एक नाम से दबंग के साथ अज्ञात लोगों ने परिसर में घुसकर 108 एंबुलेंस कर्मचारी के साथ सारे एग्जाम का गाली गलौज करते हुए कटीले तारों से मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। उक्त घटना को अंजाम देने के बाद दबंग वहां से रफू चक्कर हो गए, जबकि जिला चिकित्सालय में ही पुलिस चौकी का संचालन है इसके बाद जो दबंग के हौसले इतने बुलंद हैं कि वह अस्पताल परिसर में ही दहशत फैलाने का काम कर रहे हैं। उक्त घटना के बाद एंबुलेंस कर्मचारियों में खासा आक्रोश पनप उठा और वह करीब एक दर्जन एंबुलेंस लेकर सभी कर्मचारियों को लेकर सदर कोतवाली पहुंचे जहां उन्होंने दबंग के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। इसके साथ ही घायल कर्मचारी अनिल दीक्षित पुत्र राम मोहन दीक्षित ने सदर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर अवगत कराया कि वह 108 एंबुलेंस पर मेडिकल टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत है दिनांक 7 जून 2025 को रात्रि करीब 9ः00 बजे जब वह अपनी एंबुलेंस में कार्यालय पर बैठा हुआ था तभी शराब के नशे में धुत होकर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मसरा निवासी जय हिंद यादव अंकित यादव अपने कुछ अज्ञात साथियों के साथ वहां आए और बेवजह ही जमकर गाली गलौज करने लगे जब उसने दबंग की इस हरकत पर विरोध जताया तो उन्होंने सरेआम लात घुसो एवं कटीले तारबंदी डंडों से जमकर मारपीट की जिसमें उसे गंभीर चोटे आई। इस मारपीट की घटना में उसके कपड़े भी फट गए। इस शिकायती पत्र के माध्यम से मेडिकल टेक्नीशियन ने दबंगों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की मांग उठाई। कर्मचारियों ने यह भी कहा कि यदि दबंग के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही नहीं होती है तो वह हड़ताल पर चले जाएंगे, क्योंकि जब हो उनकी जान ही सुरक्षित नहीं तब वह किसी पीडि़त की क्या मदद कर पाएंगे।

## सवारियों से भरी हुई झांसी खुरई बस अचानक अनियंत्रित होकर पलटने से करीब एक दर्जन से अधिक सवारियां हुई चोटिल

**घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी सवारियों को उपचार के लिए भेजा अस्पताल**

**समीपवर्ती एमपी के खुरई से चलकर झांसी जाते समय हुई सड़क हादसे का शिकार**



**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश की सीमा में तेज रफ्तार का कहर उस समय देखने को मिला, ड़ब थाना बालाबेहट क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हनोतिया के पास एमपी से आती हुई एक तेज रफ्तार बस अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई, जिसमें करीब एक दर्जन सवारियां घायल हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां सभी को उपचार दिया गया। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं।

मिली जानकारी के अनुसार यात्रियों की सुविधा के लिए झांसी जनपद से चलकर समीपवर्ती मध्य प्रदेश के सागर जनपद अंतर्गत खुरई के लिए एक निजी बस का संचालन कराया जाता है, जो रोज खुरई से चलकर सुबह झांसी जाती है और शाम को वही बस झांसी से चलकर खुरई वापस आती है। बताया गया कि यह बस रविवार की सुबह खुरई से चलकर झांसी की तरफ जा रही थी जो सवारियों से भरी हुई थी। ड़ब यह बस मध्य प्रदेश से उत्तर प्रदेश की सीमा में प्रवेश हुई, उसी समय थाना वालाबेहट क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बम्होंरी वंशा व हनोतिया के पास अचानक चालक के नियंत्रण से बाहर हो गई और अनियंत्रित बस सड़क किनारे जाकर पलट गई। बस के पलटते ही यात्रियों में चीख पुकार मच गई। चीख-पुकार की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़कर आए और बस में फंसी हुई सभी सवारियों को बाहर निकाला तथा घटना की सूचना पास के ही पुलिस थाने को दी। सड़क हादसे की सूचना पर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से तत्काल करीब एक दर्जन घायलों को पास के ही स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां सभी घायलों का इलाज किया गया। इस सड़क हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं। हालांकि बताया गया है कि यह इस बस की कोई पहले सड़क दुर्घटना नहीं है। इस इलाके में यह बस कई बार दुर्घटनाग्रस्त हो चुकी है। स्थानीय लोगों से यह भी जानकारी मिली है कि यह बस सवारियों को जल्दी पहुंचने के चक्कर में तीव्र गति से भागती है, जो अनियंत्रित होकर इलाके में पलट जाती है। क्योंकि इस इलाके में कई अंधे मोड़ है और पहाड़ी रास्ते भी हैं, जहां तेज रफ्तार वाहन अचानक नियंत्रित होकर पलट जाते हैं । इस बात की जानकारी भी नहीं हो सकी कि यह बस दोनों ही प्रदेशों की सरकार की सहमति से चलाई जा रही थी या फिर इस बस संचालक द्वारा बस को डगगामारी के रूप में चलाया जा रहा था।

## हदबंदी और पत्थर गड्डी पुष्ट होने के बावजूद दबंग विपक्षियों ने जमीन पर अवैध कब्जा करने का किया प्रयास

**ललितपुर।** थाना बानपुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बानोनी में जमीनी विवाद के चलते ग्रामीण द्वारा अपनी जमीन की हदबंदी कराकर पत्थर गड्डी गड़वाकर उसे पुष्ट करा लिया, लेकिन यह विपक्षियों को रास नहीं आई। दबंग विपक्षियों ने पत्थर गड्डी को तोड़कर खेत को जोत दिया और जमीन पर अवैध कब्जा करने का प्रयास किया। साथ ही विरोध करने पर ग्रामीण के साथ मारपीट कर धमकी दी। पुलिस को शिकायती पत्र देकर मामला दर्ज कराया।

ग्राम बानोनी निवासी राजधार पुत्र मोहन ने थाना बानपुर पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि गांव में उसकी जमीन है, जिसका गाटा संख्या 305 306 है और इस जमीन पर उसने दिनांक 20 मई 2025 को पत्थर गड्डी का काम कराया था, ताकि विपक्षियों के विवाद से बच सके। इस दौरान पुलिस और राजस्व प्रशासन की टीम मौजूद रही। इसके साथ ही एडीएम के यहाँ भी यह पुष्ट हो गई थी। इसके बावजूद विपक्षीगण आए दिन विवाद उत्पन्न कर रहे थे। इसी विवाद के दौरान दिनांक 2 जून 2025 को शाम 6 बजे दबँग विपक्षी माखन पुत्र दिल्लीपत, नन्हे राजा पुत्र दिल्लीपत,राजा सिंह पुत्र गजराज सिंह, गिल्ले पुत्र परम, बलराम पुत्र संतोष, हरिकिशन पुत्र मल्लू, भाईजान पुत्र मोहन, उधम पुत्र भैया, दिनेश पुत्र रमेश, प्रेमी नंदू पुत्रगण रमेश, श्रीमती राजा बेटी पत्नी उधम, श्रीमती भांकुमार पत्नी दिनेश, सपना पत्नी राम जीवन और ममता पत्नी नंदू एक राय होकर आए और उसके साथ गाली गलौज करने लगे। इतना ही नहीं जब उसने विपक्षियों की इस हरकत पर विरोध जताया, तो विपक्षियों ने ट्रैक्टर चढ़कर पत्थर गड्डी को तोड़ दिया और खेत जोत कर अवैध रूप से कब्जा करने का प्रयास किया।

## मानसरोवर तालाब के बहुरेंगे दिन , एक बार फिर शान-ए-तालबेहट कहलाएगाः डीएम



**जिला पंचायत द्वारा बदहाल तालाब पर जलकुंभी और सिल्ट सफाई का किया जा रहा है कार्य**

**डीएम ने स्थलीय निरीक्षण कर अधीनस्थों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश**

**ललितपुर।** जिलाधिकारी की सकारात्मक सोच के चलते जनपद में जल संरक्षण हेतु जल श्रोतों के पुनरोद्धार का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है, जिसके अंतर्गत जनपद की तहसील तालबेहट स्थित मानसरोवर तालाब के पुनरोद्धार हेतु जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला पंचायत द्वारा इसकी जलकुंभी और सिल्ट सफाई का कार्य कराया जा रहा है। यह कार्य 12 लाख 50 हजार की लागत से 700 मी लम्बाई, 300 मी चौड़ाई और 1.5 मीटर गहराई में सिल्ट सफाई कराई जा रही है। कार्य पूर्ण हो जाने के पश्चात तालाब में बोटिंग क्लब संचालित किया जाएगा, जिससे नगर पंचायत की आय में वृद्धि होगी।

वर्तमान में तालाब का स्वरूप बदलता जा रहा है और लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। लोगों का कहना है कि तालाब 16वीं सदी के जमाने का बना हुआ है। इतिहास में चन्देलों के बाद चन्दैरी के राजा भारतशाह ने इस पर अपना अधिकार कर, ताल की बीहट (पहाड़ी) पर किला बनवाकर प्राचीन तालाब का निर्माण किया था। किले का नाम ताल बीहट था, इसलिए बस्ती का नाम भी ताल बीहट पड़ा। भारत शाह के निर्माण के बाद लोग इसे भारत सागर भी कहने लगे थे। यह लम्बा-चौड़ा विशाल तालाब है। लगभग 35 एकड़ में बना यह तालाब किसी बांध से कम नहीं है। तालबेहट में एक समय था जब अकाल आया था और पानी की कमी हो गई थी। राजस्थान के कोई राजा यहां आए थे। उन्होंने उनको सलाह दी थी कि किले के पास जो भी जगह पड़ी हुई है इसमें तालाब खुदवाना चाहिए। तब राजा मर्दन सिंह ने यहां पर तालाब खुदवाया था ताकि उनकी प्रजा जो उनके यहां काम करती थी उनका भी निस्तार हो और तालबेहट की आसपास के लोग को पानी पर्याप्त मिल सके। अध्यक्ष नगर पंचायत तालबेहट पुनीत सिंह परिहार और नगर वासियों की मांग पर जिला प्रशासन और जिला पंचायत के संयुक्त प्रयासों से मानसरोवर तालाब का पुनरोद्धार कराया जा रहा है, इसके लिए अध्यक्ष नगर पंचायत और तालबेहट की जनता ने आभार प्रकट किया है।

## दो बाईकों की भिड़ंत में एक बाइक पर सवार बुजुर्ग महिला की हुई मौत तो उसका पुत्र गंभीर रूप से घायल

**पुत्र गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय से झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर**

**ललितपुर।** थाना जखौरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम लागौन के पास दो बाईकों के बीच हुई आमने-सामने भिड़ंत में एक बाइक पर सवार बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। तो वहीं दोनों बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हुए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना पर पुलिस ने बुजुर्ग महिला की शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थानीय कस्बा के राजघाट रोड निवासी 60 वर्षीय राम प्यारी पत्नी देवराज अपने पुत्र सुनील राजपूत के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर रविवार को सुबह करीब 10ः00 बजे समीपवर्ती मध्य प्रदेश के स्थित अपने मायके गोरा जा रही थी। अभी उसके पुत्र की मोटरसाइकिल राजघाट रोड पर स्थित ग्राम लगोन के पास पहुंची ही थी, कि सामने से आ रही दूसरी अनियंत्रित बाइक के चालक ने गाड़ी को तेजी तथा लापरवाही से चलते हुए उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस सड़क हादसे में दोनों बाइक पर सवार महिला समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए, जिन्हें स्थानीय राहगीरों की मदद से तत्काल इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जखोरा में भर्ती कराया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से प्राथमिक उपचार के बाद सभी को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। जिला चिकित्सालय पहुंचने पर इमरजेंसी वार्ड में तैनात डॉक्टरों ने परीक्षण के दौरान बुजुर्ग महिला रामप्यारी को मृतक घोषित कर दिया और उसके पुत्र देवराज को इलाज के लिए गंभीर हालत में झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, जहां उनका इलाज चल रहा है। इसके साथ ही दूसरी बाइक पर सवार घायल को उपचार के बाद घर जाने की इजाजत दी गई। घटना की सूचना पर जिला चिकित्सालय पहुंची पुलिस ने मृतक महिला के शब का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

## जिला उद्योग व्यापार मंडल ने विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस पर गोष्ठी का किया आयोजन

**गोष्ठी में अतिथि के रूप में मौजूद खाद आयुक्त ने फूड सेफ्टी के बारे में व्यापारियों को समझाया**

**ललितपुर।** जिला उद्योग व्यापार मंडल ने विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के अवसर पर खाद्य विभाग के सहायक आयुक्त खाद्य ग्रेड 2 विनोद शर्मा एवं खाद्य निरीक्षक आर निरंजन के मुख्य आतिथ्य में एक संगोष्ठी का आयोजन किया

खाद आयुक्त ने फूड सेफ्टी के बारे में व्यापारियों को समझाया और कहा सभी व्यापारियों को मिलावट से बचना चाहिए और हम सैंपल भरेंगे पैकिंग जिस कंपनी के नाम की होगा उस कंपनी को पार्टी बनाएंगे उस पर कार्रवाई की जाएगी। इसको लेकर जिला अध्यक्ष सुरेश बड़ेरा ने कहा व्यापार मंडल सैंपल भरने का कभी विरोध नहीं करता है लेकिन बार-बार सैंपल भरने का और व्यापारी का सैंपल के नाम पर उत्पीड़न करने का हमेशा विरोध करेगा।व्यापार मंडल ने मांग की है कि तालबेहट, महरौनी और ललितपुर में जो अधिकारी नियत है उन्हें खाद्य अधिकारी द्वारा निर्देशित किया जाना चाहिए सैंपल के नाम पर किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न ना करें और छोटे-छोटे व्यापारियों को हिदायत देकर उनका नकली सामान अलग कराये और गन्ने की दुकान आइसक्रीम की दुकान ,जूस की दुकानें एवं चाट वालों की दुकानों को साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने का निर्देश देना चाहिए और व्यापार मंडल ने अपील कि सभी छोटे-छोटे दुकानदार साफ सफाई स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें जिससे उपभोक्ता को किसी भी प्रकार की बीमारी ना हो और कैंप लगाकर जिन व्यापारियों की लाइसेंस नहीं बने हुए हैं उनके लाइसेंस बनने चाहिए लाइसेंस के नाम पर उत्पीड़न नहीं करना चाहिए।

# 18 जून को रानी झांसी की पुण्य तिथि पर होगें कार्यक्रम

### हिंदू जागरण मंच मातृशक्ति दल की बैठक हुई संपन्न




**झाँसी।** हिन्दू जागरण मंच मातृशक्ति की बैठक पंचकुइया मंदिर में संपन्न हुई, बैठक में तीन मुद्दों पर विशेष रूप से चर्चा की गई। प्रथम बिंदु 18 जून को रानी झांसी की पुण्य तिथि पर होने वाले कार्यक्रम के संबंध में चर्चा की, जिसमें कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति बनाई गई एवं पदाधिकारियों को इस संबंध में उत्तरदायित्व सौंपा गया जिससे कार्यक्रम को सुगमता और भव्यता से आयोजित किया जा सके। वहीं द्वितीय बिंदु में स्कूलों में जाकर बेटियों को लव जिहाद से बचाने पर चर्चा हुई जिसमें विद्यालयों में जाकर छात्राओं को जागरूक करने के लिए निर्णय लिए गए प्रत्येक विद्यालय में क्रमवार संगठन की महिला पदाधिकारी पहुंचकर छात्राओं को देशभर में लव जेहाद के मामलों से अवगत कराते हुए उनसे बचाव के बारे में जानकारियां प्रदान करेंगीं। वहीं तीसरे बिंदु पर चर्चा करते हुए यह प्रस्ताव रखा गया कि प्रत्येक मंगलवार को अलग अलग मंदिरों में सुंदरकांड किया जाएगा, जिसमें संगठन के सदस्य अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करेंगे। बैठक की अध्यक्षता प्रांत सदस्य वंदना पुरवार ने की। इस अवसर पर जिला सहसंयोजिका रंजना उपाध्याय, संगीता शर्मा, साध्वी नीलम तिवारी, हर्षिता शर्मा, मंजू कुशवाहा, हनी सिरौठिया, मालती झा, नीलू हयारन, निर्मला परिहार, चित्रा परिहार, रागिनी गुप्ता, कीर्ति गुप्ता, रजनी ठाकुर, अंजू गुप्ता उपस्थित रहीं। बैठक में प्रांत कार्य समिति सदस्य पुरकेश अमरया, जिला संयोजक जयदीप खरे, जिला सहसंयोजक अजय पुरवार और संदीप गोस्वामी भी उपस्थित रहे। अंत में जिला कार्यकारिणी सदस्य सुनीता सोनी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# सुपर स्पेशलिटी एजल स्मार्ट सिटी हॉस्पिटल में रक्षा कर्मियों को मिलेगी छूट




**झाँसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बुंदेलखंड के प्रथम पीपीपी मोड पर झांसी केघ् सबसे ब? 50 बेड के आईसीयू सहित, 200 बेड के सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, एजल स्मार्ट सिटी होस्पिटल का शुभारंभ 11 मार्च को झांसी में किया गया। इस हॉस्पिटल में बहुत ही सस्ती दरों पर सभी प्रकार की खून की जांच, एक्सरे, अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन, के साथ वरिष्ठ डॉक्टरों द्वारा ओपीडी की सुविधा उपलब्ध है। यहां पर सभी प्रकार की दवाइयां पर भी 50: तक की छूट उपलब्ध है। इसी के साथ अस्पताल में भर्ती मरीजों का इलाज वरिष्ठ एवं अनुभवी डॉक्टरों द्वारा बहुत ही रियायती दरों पर उपलब्ध है। इसी क्रम में एजल स्मार्ट सिटी हॉस्पिटल परिसर में बने मंदिर में श्री राजाराम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा के साथ-साथ प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की क?ी में एजल स्मार्ट सिटी हॉस्पिटल झांसी द्वारा ऑपरेशन सिंदूर योजना का शुभारंभ सेना के ब्रिगेडियर अमित सरीन, कमांडेंट मिलिट्री हॉस्पिटल झांसी कैंट कर्नल निखिल सचदेवा, लोकसभा सांसद अनुराग शर्मा, महापौर बिहारी लाल आर्य, नगर आयुक्त सत्य प्रकाश ने संयुक्त रूप से किया। अस्पताल द्वारा रक्षा कर्मियों और उनके परिवारजनों के लिए एक नई योजना की शुरुआत की है। इस योजना के अंतर्गत सभी रक्षा कर्मियों और उनके परिवार को अस्पताल की सेवाओं पर 15: की विशेष छूट प्रदान की जाएगी। अस्पताल परिवार का यह प्रयास हमारे देश की सुरक्षा में लगे वीर सैनिकों और उनके परिजनों के प्रति सम्मान और आभार का प्रतीक है। महापौर बिहारी लाल आर्य द्वारा हॉस्पिटल परिसर में ऑपरेशन सिंदूर योजना के शुभारंभ होने पर प्रसन्नता व्यक्त की गई।

# चोरी का पुलिस ने किया खुलासा, तीन युवक गिरफ्तार

### खेत में लगा सोलर पैनल और बैट्री चोरी की वारदात अंजाम दी थी




**बांदा।** मटौंध पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया। उनके पास से चोरी किया गया माल भी बरामद किया है। पुलिस ने कागजी कार्रवाई करने के बाद तीनो युवकों को जेल भेज दिया।

नगर कोतवाली क्षेत्र के स्वराज कालोनी निवासी नरेन्द्र कुमार द्वारा थाना मटौंध पर सूचना दी कि दो जून को उसके खेत में लगे सोलर प्लेट, बैट्री व गड्ढा खोदने वाली मशीन चोरी करने के सम्बन्ध में सूचना दी थी। इसके सम्बन्ध में थाना मटौंध पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे। रविवार को मुखबिर की सूचना पर तीन अभियुक्तों को ग्राम इन्द्रापुरवा मोड के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी का सामान बरामद किया गया। अभियुक्तों से कड़ाई से पूंछताछ में पता चला कि इनका एक और साथी हरिकरन उर्फ भाऊ पुत्र मूलचन्द्र निवासी ग्राम इन्द्रापुरवा मजरा दुरेंडी थाना मटौंध चोरी में संलिप्त था। उसकी तलाश की जा रही है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों ने अपना नाम बिंदेश्वरी वर्मा पुत्र कलुवा निवासी दुरेड़ी, राकेश निषाद पुत्र मैनी पुत्र कल्लू निषाद निवासी दुरेड़ी और चुन्नू अनुरागी पुत्र सुदामा अनुरागी निवासी ग्राम दुरेड़ी बताया है। पुलिस टीम में थाना प्रभारी संदीप कुमार सिंह, उप निरीक्षक मनीष शर्मा, हेड कांस्टेबल विमल मिश्र, आदित्य अवस्थी, अश्वनी उपाध्याय के साथ ही कांस्टेबल शिवम यादव शामिल रहे।

# मृतक मां-बेटी के पति और बेटे से मिले कांग्रेसी



### घटना की जानकारी हासिल कर जताई संवेदना

**बांदा।** शहर के बिजली खेड़ा मोहल्ले में मां-बेटी के खुदकुशी करने पर कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने मृतक परिजनों से रविवार को मुलाकात की। घटना के बारे में जानकारी हासिल करते हुए मृतक परिजनों को ढांढस बंधाया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित की अगुवाई में कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने मृतता के पति ननकाई और पुत्र रोशन कुमार से बातचीत की। उन्हें ढांढस बंधाया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि हम इस दुख की घड़ी में आपके साथ हैं, हमारी कांग्रेस पार्टी की पूरी संवेदना एवं सहानुभूति आपके साथ है। जिलाध्यक्ष के साथ में शामिल सभी कांग्रेस जनों ने दिवंगत दोनों आत्मा की शांति के लिए एवं परिजनों को धैर्य के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर शामिल कांग्रेस जनों में जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, पीसीसी सदस्य पवन देवी कोरी, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीमा खान एडवोकेट, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष आदित्य कुमार सिंह, बांदा कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष संतोष कुमार द्विवेदी, सत्यप्रकाश द्विवेदी एडवोकेट, डॉ. संजय द्विवेदी दनादन, नाथूराम सेन आदि प्रमुख कांग्रेस जनों ने संवेदना व्यक्त की।

# पुलिस क्लब टीम ने जीता मैच, डीसीए ग्रीन को 11 रनों से हराया



### डीआईजी के साथ पुलिस अधिकारी रहे मौजूद, त्रिकोणीय सीरीज का तीसरा मैच खेला गया

**बांदा।** डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में पुलिस लाइन में चल रही त्रिकोणीय सीरीज का रविवार को तीसरा मैच पुलिस क्लब और डीसीए ग्रीन के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पुलिस क्लब ने पवन 93, संजय 72, डीआईजी राजेश एस 10 रनों की बदौलत निर्धारित 20 ओवरों में 226 रनों का लक्ष्य रखा। डीसीए ग्रीन की तरफ से राहुल यादव ने 3 और अन्नू ने 1 विकेट लिए। वही लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीसीए की खराब शुरुआत एक समय 30/4 से आगे खेलते हुए सलमान हासमी के शानदार शतक 112 रन, सुप्रीम त्रिवेदी 45 रन, राहुल यादव के 28 रनों की बदौलत लक्ष्य से थोड़ा दूर रहते हुए 215 रन बनाने में सफल रही। रविवार का मैच पुलिस क्लब ने 11 रनों से जीत हासिल की अभी तक इस त्रिकोणीय सीरीज में तीनों टीमों ने अपना एक एक मैच जीता है। मैच दौरान यूएई से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने वाले शाहिद जमां खां ने सीनियर खिलाड़ी मनोज मिश्रा को बैट देकर सम्मानित किया। मैच में सचिव वासिफ जमा खां, कोच शिवप्रताप सिंह, विनय श्रीवास्तव,यूएई से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने वाले शाहिद जमां, महेंद्र कछवाह, धनंजय करवरिया, महेश साहिल, राजेन्द्र अवस्थी, ज्ञान यादव, शुभम दुबे, सुधांशु खरे आदि मौजूद रहे।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 के अंतर्गत वैज्ञानिकों ने किया ग्राम भ्रमण, किसानों से किया संवाद

### केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की पहल से ग्रामीण किसान हो रहे लाभान्वित



**झाँसी।** रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झाँसी द्वारा संचालित 卐विकसित कृषि संकल्प अभियान卐-2025 के अंतर्गत रविवार को अभियान के ग्यारहवें दिन उत्तर प्रदेश के झाँसी जनपद एवं मध्य प्रदेश के विभिन्न ग्रामों में विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों की दो टीमों ने किसानों से सीधा संवाद कर वैज्ञानिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी। यह अभियान किसानों को खेती में नवाचार, सरकारी योजनाओं एवं आधुनिक कृषि विधियों से जोड़ने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है।

डॉ. अर्तिका सिंह ने झाँसी जिले के बंगरा ब्लॉक स्थित मगरपुर, बंगरा एवं टिकरी गांवों का भ्रमण कर किसानों से मुलाकात की। उन्होंने किसानों को मूंगफली की उन्नत किस्में, बीज उपचार की विधियाँ, पौधों के बीच उचित दूरी बनाए रखने, खेत की मेढ़ों एवं जल निकासी की महत्ता, मृदा स्वास्थ्य परीक्षण, पोषक तत्वों के संतुलित प्रबंधन, फसल चक्र एवं हरित खाद के प्रयोग के बारे में वैज्ञानिक जानकारी प्रदान की। उन्होंने यह भी बताया कि वैज्ञानिक तरीकों से खेती करने से लागत में कमी और उत्पादन में वृद्धि संभव है। जैविक खेती और कृषि यंत्रों जैसे सीड ड्रिल के प्रयोग पर भी विशेष जानकारी दी गई।

डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. वैभव सिंह एवं डॉ. चंद्रशेखर ने मऊरानीपुर ब्लॉक के भदरवारा, खिलारा एवं भंडरा ग्रामों तथा गुरसराय ब्लॉक के सिमरधा, बंकापहाड़ी, पंडवाहा और टोड़ी फतेहपुर गांवों का दौरा किया। साथ ही डॉ. विनोद, डॉ. अमित सिंह, डॉ. विश्वनाथ, डॉ. सौरभ सिंह, डॉ. अर्पित सूर्यवंशी, डॉ. शैलेन्द्र कुमार, डॉ. कुलेश्वर साहू, डॉ. उमेश पंकज, डॉ. सुधांशु रमन, डॉ. डेविड चेला भास्कर, डॉ. अलका जैन एवं डॉ. राजीव नंदन ने मऊरानीपुर के रूपा धमना, स्यावरी, भदरवारा एवं निवाड़ी जिले के ततारपुरा, पृथ्वीपुर, चिरपुरा, ज्योरामोरा गांवों में भ्रमण किया।

#### वैज्ञानिकों की अलग-अलग टीमें

अलग- अलग ग्रामों में किसानों से संवाद स्थापित किया। इस दौरान किसानों को मूंगफली की फसल में लगने वाले प्रमुख रोगों एवं कीटों की पहचान और उनके जैविक व रासायनिक प्रबंधन की सरल विधियाँ बताई गईं। साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, उन्नत बीज वितरण जैसी केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी देकर लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया।

दोनों टीमों ने किसानों को कृषि से जुड़ी मोबाइल एप्लिकेशन, फसल विविधिकरण, जल संरक्षण तकनीक, पोषक तत्वों के संतुलित उपयोग, सिंचाई विधियाँ, बीज चयन, खरपतवार और कीट नियंत्रण के उपायों की भी जानकारी दी। किसानों ने विभिन्न समस्याओं पर वैज्ञानिकों से संवाद कर समाधान प्राप्त किए।

इस अभियान के दौरान किसानों की सक्रिय भागीदारी और उत्साहपूर्ण प्रतिक्रिया देखने को मिली। वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन और सरल भाषा में दी गई तकनीकी सलाहों से किसानों को आत्मविश्वास मिला कि वैज्ञानिक खेती को अपनाकर वे अपनी कृषि को लाभकारी, टिकाऊ और आधुनिक बना सकते हैं।

इस अभियान में ग्राम प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी, कृषि अधिकारी, आईजीएफआरआई, काफरी तथा कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों का भी सराहनीय सहयोग रहा। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की यह पहल ग्रामीण भारत की कृषि को सशक्त और वैज्ञानिक बनाने की दिशा में एक प्रेरणादायक प्रयास बनकर उभर रही है।

# यातायात उप निरीक्षक का तबादला होने पर दी गई विदाई

**बांदा।** उप निरीक्षक यातायात संजय कुमार सिंह के पीएसी निदेशालय लखनऊ में स्थानांतरण हो जाने पर रविवार को यातायात कार्यालय पुलिस लाइन में सभी यातायात अधिकारियों व कर्मचारियों, समाजसेवियों के द्वारा विदाई समारोह का आयोजन कर विदाई दी गई। तत्कालीन एसपी अभिनंदन के निर्देश के बाद संजय सिंह 5 फरवरी 2023 को जिले में उप निरीक्षक यातायात के पद पर नियुक्त हुए थे और 23 जून 2023 को जनपद का प्रभारी यातायात का पदभार ग्रहण किया था, साथ-साथ जनपद में कई जगह यातायात सुरक्षा व्यवस्था को सुगम बनाने के कार्य किया। लगभग 2 वर्ष 4 माह का कार्यकाल यातायात विभाग में पूर्ण करते हुए पीएसी मुख्यालय लखनऊ में स्थानांतरण हो गया है। मुख्यालय बांदा में रहते हुए उन्होंने यातायात व्यवस्था सुधार से संचालन के लिए कई प्रयास किए जिन प्रयासों में मुख्य रूप से शहर के बाबूलाल चौराहे में प्रथम ट्रैफिक सिग्नल, यातायात बूथ का निर्माण करवाना ताकि यातायात पुलिस को व्यस्तम चौराहे पर तेज धूप, बारिश से बचने के लिए एक स्थान मिल सके। बाबूलाल चौराहे पर साउंड व मशीन की स्थापना करवाने जिस पर यातायात नियमों को लोगों को साउंड के माध्यम से जानकारी देने के साथ-साथ कई अहम सराहनीय कार्य तत्कालीन जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल व पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के मार्गदर्शन में करवाए हैं, जो जनपद में हमेशा याद किए जाते रहेंगे। जनपद की मुख्य तहसीलों जैसे बबेरू,अतर्रा की कमान भी इनके द्वारा संभाली गई, जहां यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के साथ साथ विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का कार्य भी किया गया।

# कुर्की की कार्रवाई में वांछित गिरफ्तार

**बांदा।** अतर्रा थाना पुलिस ने कुर्की की कार्यवाही में चल रहे एक वांछित अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में पेश किया। गौरतलब हो कि रविवार को थाना अतर्रा पुलिस द्वारा एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। वांछित अभियुक्त 82/83 सीआरपीसी की कुर्की कार्यवाही में वांछित चल रहा था। न्यायालय द्वारा जारी कुर्की के आदेश के बावजूद लम्बे समय से फरार चल रहा था। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। वांछित अभियुक्त ने अपना नाम कमलाकांत उर्फ कांशी पुत्र वंशगोपाल निवासी ग्राम लौली टीकामॅ थाना बिसंडा बताया है।

स्वामी निष्ठावान एडवरटाइजर्स एण्ड मीडिया प्रा.लि.,मुद्रक, प्रकाशक, श्रीमती रीता सिंह द्वारा प्रदेश वॉच मीडिया ग्रुप, 11, प्रेस कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, भोपाल-462023, म.प्र. से मुद्रित एवं कैमासनपुरम, करगुंजी, मेडिकल कॉलज के पास, कानपुर रोड, झाँसी से प्रकाशित।
संपादकः बालेन्द्र गुप्ता पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र झांसी रहेगा।) फोनः 9936277530, 9450071944, ई-मेलः balendragupta271@gmail.com आर.एन.आई.नं. UPHIN 2012/47946